# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 14 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 28 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




असम के जोरहाट एयर फ़ोर्स स्टेशन पर भारतीय वायु सेना का एएन-32 विमान क्रैश






# गैस रिसाव से चार युवकों की मौत

## बंद खदान में उत्खनन के दौरान हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के गिद्दी-रामगढ़ सीमावर्ती वन क्षेत्र में एक बंद खदान में गैस रिसाव से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वे लोग खदान के भीतर उत्खनन कार्य कर रहे थे। मृतकों की पहचान आशीष रजवार (25), किशोर रवानी (35), देवा कुमार बेदिया (25) और डब्लू बेदिया (30) के रूप में हुई है। घटना के वक्त सबसे पहले एक युवक गैस रिसाव की चपेट में आया और वहीं बेहोश होकर गिर गया। उसके बाकी तीन साथी उसे बचाने के लिए खदान में उतरे तो वो भी जहरीली गैस की चपेट में आकर वहीं गिर गये। उनके एक अन्य साथी ने गांव वालों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। इसके बाद सीसीएल माइंस रेस्क्यू टीम नईसराय से 14 सदस्यीय टीम पहुंची। बचाव कार्य के लिए सात सदस्यीय माइंस रेस्क्यू टीम अवैध मुहान के अंदर उतरे। लगभग एक घंटे के ऑपरेशन के बाद चारों युवकों को खदान से बहार निकाला गया। चारों युवकों को तत्काल पुलिस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने इनमें से दो को अस्पताल पहुंचने पर मृत बताया। वहीं अन्य दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। मृतकों के परिजन भी वहां पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में बाकी तीन लोग भी गैस रिसाव की चपेट में आ गए। उनका कहना है कि इस क्षेत्र की बंद खदानों में गैस रिसाव की समस्या गंभीर है।



## सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, एक घायल

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत देवगांव इलाके में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में झारखंड के पलामू जिले के चार लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में मेदिनीनगर के तीन कारोबारियों की जान चली गई। मृतकों में मेदिनीनगर स्थित किताब घर के संचालक हाफिज रज्जाक, जनता मेडिकल से जुड़े कैश अंसारी, सब्जी मंडी के व्यवसायी शोहराब राईन और कार चालक शामिल हैं। कार चालक की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। उसकी शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। वहीं चूड़ी कारोबारी अजमल इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। शनिवार सुबह करीब 8 बजे जैसे ही इस हादसे की सूचना मेदिनीनगर पहुंची, पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# कार-बाइक में टक्कर, दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के खुटगड़ी गांव के पास शनिवार को मोटरसाइकिल और कार में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतकों की पहचान बीरेंद्र लोहरा और सुरेंद्र लोहरा के रूप में हुई है। दोनों चंदवा थाना क्षेत्र के मूर्तिया गांव के रहने वाले हैं। शनिवार को मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक सरयू से लातेहार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान खुटगड़ी गांव के पास मुख्य पथ पर विपरीत दिशा से आ रही कार से मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि घटना के बाद कार सवार लोगों को भी चोट आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से राहत कार्य आरंभ किए। कार के नीचे दबे मोटरसाइकिल सवार युवकों को बाहर निकाला गया। परंतु तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। बाद में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई की। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे जिस कारण दुर्घटना के बाद उनके सिर में गंभीर चोट आई। सिर में चोट आने के कारण ही उनकी मौत हुई है, ऐसी संभावना जताई जा रही है। संभावना यह भी जताई जा रही है कि यदि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए युवक हेलमेट पहने होते तो शायद दुर्घटना में उनकी जान नहीं जाती। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई है वहां मोड़ है। तेज रफ्तार के कारण ही दुर्घटना इतनी भीषण हो गई कि दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला लोड हाइवा दुकान में घुसा

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवा स्थित इंदिरा गांधी चौक पर शनिवार तड़के बालूमाथ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कोयला लोड हाइवा अनियंत्रित होकर मैक्लुस्कीगंज से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई और चौक पर स्थित एसके सुपर मार्ट दुकान में जा घुसी। इस हादसे में हाइवा चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान हाइवा चालक कार्तिक कुमार, रिंकू यादव, जोभा भुइयां और श्री राम दुबे के रूप में हुई है।

### डीसी ने किया स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने शनिवार को कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों की उस दिन की उपस्थिति काटने का निर्देश दिया।

### वृद्धा की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के पंकरी बरवाडीह गांव में शनिवार सुबह एक वृद्ध महिला का शव उसके घर के अंदर खून से लथपथ अवस्था में मिला। मृतका की पहचान 85 वर्षीय मंगनी के रूप में हुई है। शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# अपराध के खिलाफ कार्रवाई के लिए बनाई गई स्पेशल टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत अलग-अलग थानों को मिलाकर एक स्पेशल टीम बनाई गई है। यह टीम ठोस कार्रवाई करेगी और अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाएगी। पलामू पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग को नया स्वरूप दिया है। एंटी क्राइम चेकिंग में तीन से चार थानों को मिलकर आपस में टीम बनाई गई है। स्पेशल टीम चिन्हित इलाके को पूरी तरह से सेनीटाइज करेगी और एंटी क्राइम चेकिंग करेगी। इस दौरान हर एक गतिविधि की जांच की जाएगी। साथ ही साथ अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पलामू के एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि अपराध-रोधी जांच के लिए तीन-चार थानों के जवानों की एक संयुक्त टीम बनाई गई है। यह टीम पूरे इलाके की जांच करेगी और सभी तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह अपराध-रोधी जांच अभियान एक साथ चलाया जाएगा। अपराध और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पलामू पुलिस ने हाल के दिनों में कई बदलाव किए हैं। मेदिनीनगर शहर की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पांच स्थाई चेकिंग पॉइंट बनाए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवानों को तैनात किया गया है। जबकि शहर में अड्डे बाजी के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्यूआर कोड पुलिसिंग की शुरुआत की है। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर की पुलिसिंग को मजबूत किया गया है।



## मां दिउड़ी के दरबार में पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# राज्य की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रांची के तमाड़ स्थित प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक दिऊड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दिऊड़ी की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति, समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना की। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी मनोज पंडा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न कराई। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी का मंदिर समिति के सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने मां दिऊड़ी के दरबार में मत्था टेककर विशेष पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिऊड़ी मंदिर की महत्ता पूरे देश में है। लोग अपनी श्रद्धा और आस्था के साथ मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य पूजा स्थलों में पहुंचते हैं। कहीं मंदिर, कहीं गुरुद्वारा, कहीं सरना स्थल तो कहीं मस्जिद के रूप में आस्था के केंद्र स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता अपने आपको सुरक्षित और संस्कारित रखने के लिए ऐसे स्थलों से जुड़ी रहती है। यह केवल पूजा का स्थान नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पहली बार दिऊड़ी मंदिर नहीं आए हैं। इससे पहले भी कई बार यहां दर्शन-पूजन कर चुके हैं और आगे भी अवसर मिलने पर आते रहेंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री कुछ देर मंदिर परिसर में रुके और अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के समीप स्थित पड़ाव रेस्टोरेंट में भोजन किया। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान रांची उपायुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक समेत कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए आम लोगों की आवाजाही नियंत्रित की गई थी। मुख्यमंत्री के प्रस्थान के बाद स्थिति सामान्य कर दी गई।



# झारखंड राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय : संजय सेठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ शनिवार को देवघर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद संजय सेठ ने बैद्यनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा देश की निरंतर प्रगति की कामना की। मंदिर में पूजा के बाद संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक देश की सेवा करते हुए प्रधानमंत्री पद का दायित्व निभाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। झारखंड में चल रही राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया पर संजय सेठ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना समर्थित उम्मीदवार मैदान में उतारा है और उसकी जीत सुनिश्चित है। पश्चिम बंगाल में जारी राजनीतिक हलचल पर केंद्रीय मंत्री ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा ि जैसी करनी वैसी भरनी। संजय सेठ ने दावा किया कि राज्य सरकार की नीतियों का परिणाम है कि आज उसके अपने नेता ही उससे दूरी बना रहे हैं। पश्चिम बंगाल में हुई आगजनी की घटना, जिसमें कई ईवीएम मशीनें जलने की खबर आई, पर पूछे गए सवाल का जवाब देने से संजय सेठ बचते नजर आए। उन्होंने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सरकार के कार्यों की प्रशंसा की। अमेरिका द्वारा ईरान से जुड़े एक जहाज पर हमले के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर संजय सेठ ने कहा कि इस विषय पर विदेश मंत्रालय पहले ही अपनी प्रतिक्रिया दे चुका है। उन्होंने फिलहाल इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# केंद्रीय मंत्री ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी धनबाद दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण समेत कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सबसे पहले उन्होंने हीरापुर हटिया स्थित महावीर मंदिर और काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की साफ सफाई की और माल्यार्पण किया। इसके बाद हाथ में झाड़ू लेकर हीरापुर हटिया में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो और विधायक राज सिन्हा सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता रही है।

# रांची में बोरिंग कराने से पहले एनओसी अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार गिरते भू-जल स्तर और अवैध डीप बोरिंग की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए रांची नगर निगम ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। अब नगर निगम क्षेत्र में नया बोरिंग कराने से पहले संबंधित व्यक्ति को निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए पांच हजार रुपये का शुल्क भी जमा करना पड़ेगा। नगर निगम प्रशासन ने रांची रिग ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि बिना निगम की अनुमति के किसी भी स्थान पर बोरिंग नहीं कराया जा सकेगा। निगम के अनुसार वर्तमान में शहर में केवल 207 रिग मशीनें ही वैध रूप से पंजीकृत हैं जबकि कई स्थानों पर बिना अनुमति बोरिंग कराए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इससे भू-गर्भ जल स्तर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और कई इलाकों में पुराने बोरिंग फ़ेल हो रहे हैं।

# पीएम मोदी का ऐतिहासिक रिकॉर्ड देशवासियों के विश्वास का प्रतीक : शेफाली गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी की नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक निरंतर सेवारत निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। नवबिहार टाइम्स को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 4,399 दिनों का निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल पूरा किया है। यह उपलब्धि देश की 140 करोड़ जनता के विश्वास, समर्थन और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। शेफाली गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत को दर्शाता है। उनका जीवन संघर्ष, परिश्रम और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है, जो युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंच पर उसकी प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने तकनीक, व्यापार, कूटनीति, जलवायु परिवर्तन और विकासशील देशों के हितों की आवाज को मजबूती से दुनिया के सामने रखा है। शेफाली गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनका नेतृत्व विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा आने वाले वर्षों में देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### अपनी ही सरकार पर उठाए सवाल

**मेदिनीनगर/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्य और अधिवक्ता हृदयानंद मिश्र ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अस्पताल में मरीजों को जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में कई जगहों पर बेड, चादर, पंखा, व्हीलचेयर और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इससे मरीजों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल होने के बावजूद लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं, जो चिंता का विषय है। मिश्र ने कहा कि पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत आसपास के जिलों के हजारों लोग इलाज के लिए एमएमसीएच पर निर्भर हैं। ऐसे में अस्पताल की अव्यवस्था का सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार, स्वास्थ्य मंत्री, पलामू प्रमंडल के आयुक्त और उपायुक्त से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। साथ ही अस्पताल की उच्चस्तरीय जांच कराने, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के खाली पद भरने तथा सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि अस्पताल लोगों को बेहतर इलाज और सुरक्षा देने के लिए होते हैं। इसलिए प्रशासन को जल्द कदम उठाकर एमएमसीएच की व्यवस्था में सुधार करना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।



### 26 जून तक मौका, नहीं कराया भवन नियमितीकरण तो बढ़ सकती है परेशानी

**मेदिनीनगर/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अगर आपका मकान बिना स्वीकृत नक्शे के बना है तो उसे वैध कराने का यह आखिरी मौका है। झारखंड सरकार की भवन नियमितीकरण योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून तय की गई है, लेकिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में अब तक सिर्फ 60 लोगों ने ही आवेदन किया है। कम आवेदन संख्या पर नाराजगी जताते हुए नगर निगम के उपमहापौर मनोज



सिंह ने अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों को लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अभी भी योजना की जानकारी के अभाव में आवेदन नहीं कर रहे हैं। नगर निगम की समीक्षा बैठक में बताया गया कि करीब 200 लोगों ने जानकारी ली है, जबकि 40 से 50 आवेदनों के दस्तावेजों की जांच चल रही है। बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ लाइसेंसधारी तकनीकी व्यक्ति (एलटीपी) अलग-अलग दरों पर शुल्क ले रहे थे। किसी जगह 14 रुपये तो कहीं 15 रुपये प्रति वर्गफुट तक वसूले जा रहे थे। इस पर हस्तक्षेप करते हुए उपमहापौर ने सभी एलटीपी के साथ बैठक की और नियमितीकरण कार्य के लिए एक समान 8 रुपये प्रति वर्गफुट शुल्क तय कराया। उपमहापौर ने बताया कि भवन नियमितीकरण कराने से मकान को कानूनी मान्यता मिल जाएगी। भविष्य में मकान का विस्तार, अतिरिक्त मंजिल निर्माण या नक्शा स्वीकृत कराने में कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही अवैध निर्माण से जुड़ी कानूनी और प्रशासनिक दिक्कतों से भी राहत मिलेगी। नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। "आज मौका है, कल शायद देर हो जाए"—इसी संदेश के साथ निगम अब वार्ड स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है।

### मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर महिला मोर्चा की जागरूकता बैठक

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा, गिरिडीह इकाई द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर ) को लेकर महिलाओं के बीच जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सदर प्रखंड अंतर्गत तेलोडीह ग्राम पंचायत के विभिन्न बूथ क्षेत्रों में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्य प्रीति भास्कर ने की, जबकि नमिता वर्मा भी उपस्थित रहीं बैठक में महिलाओं को मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के महत्व की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सही और अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी के लिए आवश्यक है। साथ ही



महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करें इस अवसर पर झामुमो महिला मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान भी चलाया गया, जिसमें नई महिलाओं को संगठन से जोड़ा गया। बैठक के दौरान आगामी 14 जून (रविवार) को आयोजित विशेष कार्यक्रम की जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि कार्यक्रम में गांडेय विधायक एवं झारखंड की लोकप्रिय महिला नेत्री कल्पना सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। यह कार्यक्रम नगर विकास मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू के आवास स्थित उत्सव उपवन में आयोजित किया जाएगा महिलाओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पंचायत के प्रत्येक गांव और बूथ स्तर पर महिलाओं की मजबूत संगठनात्मक कमेटी गठित करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई बैठक में उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने महिलाओं की जागरूकता, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की।

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा

**मेदिनीनगर/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2026 के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के सत्यापन एवं मैपिंग का कार्य प्रगति पर है। प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार अभी भी काफी संख्या में योग्य मतदाताओं की मैपिंग का कार्य लंबित है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अतः मतदाताओं की मैपिंग कराने हेतु दिनांक 14.06.2026 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। उक्त विशेष कैंप में सभी बीएलओ उपस्थित रहकर अनमैप्ड योग्य मतदाताओं की पहचान कर उनकी मैपिंग सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षक एवं संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर कार्य की निगरानी एवं समीक्षा करेंगे। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं। सभी योग्य मतदाताओं से अपील है कि वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैंप में उपस्थित होकर अपने नाम का सत्यापन कराएं।

# अवैध खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो हाइवा समेत मशीनें जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी अनुमंडल प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो मौजा में संचालित अवैध पत्थर खदान पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान अवैध उत्खनन में लगे दो हाइवा, एक पोकलेन मशीन तथा एक ड्रिलिंग मशीन को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों और मशीनों को डुमरी थाना लाया गया है कार्रवाई का नेतृत्व डुमरी एसडीएम संतोष कुमार ने किया।

टीम में एसडीपीओ आबिद खान अंचलाधिकारी शशिभूषण वर्मा, प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी सह खनन निरीक्षक विश्वनाथ उरांव, थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार सहित पुलिस बल



के जवान शामिल थे प्रभारी डीएमओ सह खनन निरीक्षक विश्वनाथ उरांव की लिखित शिकायत पर अज्ञात संचालकों के विरुद्ध डुमरी थाना में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं खनिज चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया है जानकारी के अनुसार प्रशासन को सूचना मिली थी कि चीनो मौजा में बिना खनन पट्टा और आवश्यक अनुमति के पत्थर का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और अवैध कार्य में प्रयुक्त वाहनों एवं मशीनों को जब्त कर लिया छापेमारी के दौरान तीन मजदूरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। हालांकि प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। मौके से कई वाहन और मशीनें बरामद हुई हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अनन्य क्लासेस में प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान अनन्य क्लासेस द्वारा शनिवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से शानदार ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने संस्थान के निदेशक नाज सर के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि अनन्य क्लासेस में




सफलता हासिल कर संस्थान तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 9 के पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी रमेश सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं अनुराग सर, जावेद सर सहित संस्थान के शिक्षक एवं अभिभावक भी समारोह में शामिल हुए सम्मानित विद्यार्थियों में इंटरमीडिएट वर्ग से रितिक कुमार, सबीना मरांडी, पंकज मुर्मू समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे। वहीं मैट्रिक वर्ग में असरुफा सदाक, खुशनुमा एवं सुब्रा प्रवीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। सभी सफल विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं कराई जाती, बल्कि करियर चयन, व्यक्तित्व विकास और जीवन में सफलता के विभिन्न पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया जाता है। यही कारण है कि यहां के छात्र बेहतर परिणाम हासिल कर रहे हैं।संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत को पहचान देना तथा उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के उत्साह और मेहनत को समर्पित पंक्तियां प्रस्तुत की गईं लिख दे जो अपनी मेहनत से कामयाबी की एक नई इबादत, और जो छीन ले बोर्ड में टॉप रैंक उसे कहते हैं अनन्य क्लासेस की ताकत।"

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड में अवैध बालू के परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार सुबह एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई बिरनी अंचलाधिकारी (सीओ) संदीप मद्धेशिया एवं बिरनी थाना के एसआई लालचंद महतो के नेतृत्व में संयुक्त रूप से की गई जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6 बजे बिराजपुर चौक के समीप जांच अभियान के दौरान अवैध बालू लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई।

जांच में आवश्यक



दस्तावेज एवं खनन संबंधी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अधिकारियों ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जब्त वाहन आयशर कंपनी का ट्रैक्टर है, जिसका मॉडल नंबर 380 यूएसजे बताया गया है। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। इसके बाद अधिकारियों ने जब्त ट्रैक्टर को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बिरनी थाना के हवाले कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं बालू परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के वॉलंटियर ने राहगीरों को भोजन पानी बांटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन में वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे वॉलंटियर अमिनेश और प्रत्य अमृत की टीम ने महेश नगर पटना में तपती धूप में राहगीरों को भोजन पानी उपलब्ध कराया । मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नही है नर ही नारायण है । ए एन कॉलेज पटना के वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे वॉलंटियर ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, कपड़ा का थैला निर्माण, पौधारोपण, रक्तदान, भोजन वितरण, योगाभ्यास लगातार कर रहे है । नई शिक्षा नीति मे तीस घँटा का वॉलेंट्रीयरशिप को अनिवार्य किया गया है यह छात्र छात्राओं को समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। हर व्यक्ति को एक घँटा देश को और एक घँटा देह को देना ही चाहिए। भोजन वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ मोहित सरदाना ने फीता काट कर किया । उन्होंने वॉलंटियर के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि हम सबो की जिम्मेदारी है कि समाज के बेहतरी के लिए काम करे। विकसित भारत के सपनो को साकार करने में युवाओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोग्राम ऑफिसर अविनाश पांडेय ने बताया कि फॉउंडशन युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शतत प्रयासरत है। मौके पर अनिमेष कुमार, प्रत्यय अमृत, सुहैल साबर जहरा अहमद, रिमझिम कुमारी, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के खुशी कुमारी, मनीष कुमार मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ के लिए बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया ।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्णिया के सहायक निदेशक अमरेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति,लंबित आवेदनों की स्थिति, बायोमेट्रिक सत्यापन अभियान, पात्र लाभार्थियों की पहचान तथा निर्धारित विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराना रहा। बैठक में बताया गया कि जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लगातार नए लाभार्थियों को जोड़ने का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 21,171 के लक्ष्य के



विरुद्ध अब तक 1,477 लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा चुका है। वहीं लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 2,776 लक्ष्यों के विरुद्ध 432, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना में 2,019 लक्ष्यों के विरुद्ध 256, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना में 1,763 लक्ष्यों के विरुद्ध 170 तथा विधवा पेंशन योजना में 1,012 लक्ष्यों के विरुद्ध 113 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत भी 55 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है। बैठक में विशेष रूप से बायोमेट्रिक सत्यापन अभियान की समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में कुल 43,655 लाभार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन लंबित है। जिसमें नगर निगम पूर्णिया एवं बनमनखी क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक लंबित मामले हैं। सहायक निदेशक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर शीघ्रता से शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा किया जाए, ताकि वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ मिलता रहे। बैठक में मृत पाए गए लाभार्थियों के नामों को तत्काल प्रभाव से स्टॉप करने तथा नोट ट्रांसनेबुल लाभार्थियों की भौतिक पुष्टि कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इससे योजनाओं की पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी तथा अपात्र व्यक्तियों को मिलने वाले लाभ पर रोक लग सकेगी। लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 9,064, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 446, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 164, विधवा पेंशन योजना के 110 तथा इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना के 38 लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस अधिकारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप आजसू नेता ने कार्रवाई की मांग की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आजसू पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कंपू यादव ने डीएसपी मुख्यालय नीरज कुमार सिंह एवं नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।कंपू यादव ने बताया कि दो दिन पूर्व गांधी चौक पर डीएसपी मुख्यालय मौजूद थे। वे उन्हें प्रणाम करने के लिए गए थे, लेकिन इसी दौरान डीएसपी उनके प्रति भड़क गए और कथित रूप से दुर्व्यवहार किया। उनका आरोप है कि इसके बाद उन्हें



नगर थाना ले जाया गया, जहां उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया आजसू नेता ने इस घटना को पुलिस की मनमानी बताते हुए कहा कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता के साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है वहीं आजसू पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# पुण्यतिथि कार्यक्रम के लिए विधायक आलोक चौरसिया ने किया गांवों का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने अपने पिता अनिल चौरसिया की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा व अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि स्व अनिल चौरसिया ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा, जनहित व मानवीय मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित किया था। वे सदैव गरीबों, जरूरतमंदों व समाज के



अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करते थे। उनके आदर्श, विचार व समाज के प्रति समर्पण आज भी हजारों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके आदर्शों व सामाजिक योगदान को स्मरण करने का एक भावपूर्ण अवसर है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहव - कि 16 जून 2026 को समय 11 बजे गढ़वा रोड स्थित किन्नी गांव में स्व. अनिल चौरसिया की प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल व श्रद्धामय बनाने में अपना योगदान दें ।साथ ही उन्होंने कहा कि इस भावपूर्ण अवसर पर उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वही जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का भरोसा दिलाया ।

# सिपाही भर्ती परीक्षा 25 केन्द्रों पर, 36 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रविवार को दोनो पाली में आयोजित होने वाली सिपाही परीक्षा की जिले में 14 एवं 17 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्वक संचालित करने को लेकर बैठक आयोजित की गई।विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर में ब्रीफिंग की गई।जिसमें बताया गया कि जिले में कुल 25 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें लगभग 36,000 से ज्यादा अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की संभावना है।परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त आयोजित कराने को लेकर पदाधिकारी द्वय ने नामित नोडल पदाधिकारी, जोनल-सह-गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, व्हाइटनर, इरेजर,ब्लेड जैसी सामग्री पूर्णतः वर्जित है।इसलिए परीक्षार्थी को इन सामग्रियों के साथ परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस परीक्षा के तहत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग



में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग में कारापाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के कुल 4,000 से अधिक पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली का समय सुबह 08:00 बजे तथा द्वितीय पाली का अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश प्रथम पाली के लिए प्रातः 09:00 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 02:00 बजे तक ही अनुमान्य होगा। केन्द्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती को शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचारमुक्त आयोजित कराने हेतु नोडल अधिकारी, जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्षा में सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे के साथ जैमर की व्यवस्था की गई है। केंद्र के बाहर 200 मीटर के दायरे में इठरर के धारा 163 लागू रहेगा। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर, पर्याप्त प्रकाश पेयजल जैसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा सभी पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों को पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी पैदा न हो एवं परीक्षा कदाचार रहित संपन्न हो सके। उन्होंने परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन के संकल्प को दुहराते हुए कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है।

# शहरी पेयजल परियोजना और ग्रिड सब स्टेशन कार्यों का डीसी ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश, सितंबर 2026 तक पेयजल परियोजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में संचालित शहरी पेयजलापूर्ति परियोजना फेज-02 के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसियों एवं पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त सबसे पहले कोयल नदी स्थित निर्माणाधीन इंटकवेल पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मानसून शुरू होने के बाद निर्माण कार्यों में कठिनाई आ सकती है, इसलिए सभी संबंधित एजेंसियां युद्धस्तर पर कार्य करते हुए निर्माण की गति तेज करें। इसके बाद उन्होंने रेड़मा स्थित निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। वहीं बाइपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी परिसर में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं जलमीनार निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने जुडको एवं कार्य एजेंसियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक चरण की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर शहर को पेयजल संकट से राहत दिलाने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने से हजारों परिवारों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने सितंबर 2026 तक योजना को हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए समयबद्ध कार्य निष्पादन पर बल दिया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने की चेतावनी दी। इसी क्रम में उपायुक्त ने सुदना स्थित 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पहुंचकर तीसरे पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए किए जा रहे फाउंडेशन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अगले दो माह के भीतर फाउंडेशन कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि तीसरे पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से मेदिनीनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोयल रिवर व्यू प्वाइंट का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां क्षतिग्रस्त रेलिंग, खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों तथा डस्टबिन समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी, जुडको के प्रतिनिधि एवं कार्य एजेंसियों के कर्मी उपस्थित थे।

# विकास योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने समयबद्ध क्रियान्वयन पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खूंटी।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने शनिवार को अड़की प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लाभुकों को समय पर किस्त भुगतान, जियो टैगिंग एवं लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। ब्लॉक समन्वयक के कार्य के प्रति नाराजगी जताते हुए क्षेत्र में सक्रिय रहकर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी, मनरेगा योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट, आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने तथा बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना और बिरसा कूप संवर्धन योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर बल दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी छात्रों का अपार आईडी एवं आधार निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कल्याण विभाग को छात्र-छात्राओं के बीच समय पर साइकिल वितरण और छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी संचालन का निर्देश दिया गया। वहीं समाज कल्याण विभाग को एक माह के भीतर सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में राशन वितरण, नए राशन कार्ड निर्माण और खाद्यान्न गोदामों की मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। 15वें वित्त आयोग की योजनाओं, ज्ञान केंद्रों के संचालन, पंचायत भवनों के रखरखाव, पेयजल योजनाओं, चापाकल मरम्मत एवं शेष अविद्युतीकृत टोलों में बिजली पहुंचाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों को समय भुगतान सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक के बाद उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अड़की का निरीक्षण किया। उन्होंने बिना उचित कारण मरीजों को रेफर नहीं करने, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रयोगशाला में तकनीशियन के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध स्पष्टीकरण मांगते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। उन्होंने वार्ड, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, डिस्पेंसरी एवं कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया और मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत उपायुक्त ने अड़की स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, हुँठ का निरीक्षण कर वहां चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता सुषमा लकड़ा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद राम, सिविल सर्जन सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# घर से लापता 15 वर्षीय किशोरी सकुशल बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** पेलावाल ओपी क्षेत्र के कंचनपुर गांव से लापता हुई 15 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंचनपुर निवासी भारती देवी, पति संजय राम ने 12 जून 2026 को पेलावाल ओपी में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री 10 जून की दोपहर करीब दो बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से सहायता की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पेलावाल ओपी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू करते हुए किशोरी की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने विभिन्न संभावित स्थानों पर खोजबीन के साथ-साथ तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। शनिवार, 13 जून 2026 को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी बिटू रजक ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता के साथ कार्रवाई शुरू की थी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गुमशुदा व्यक्ति को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों से मिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। किशोरी की सकुशल बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी व्यक्ति के लापता होने अथवा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल स्थानीय थाना को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## चुलाई शराब व एक मोटरसाइकिल बरामद

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस नें प्रखंड के धुसरी गांव अंतर्गत गिरधारी मठिया के मुख्य सड़क से 50 लीटर देशी महुआ शराब एवं एक बाइक को बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें जानकारी देते हुयें बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धुसरी गांव क्षेत्र में देसी शराब की तस्करी होने वाली है। पुलिस ने जाल बिछाते हुए तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले हीं तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया।

# विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शनिवार को शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव एवं समस्त देवी-देवताओं से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। मुन्ना सिंह सबसे पहले कोऑपरेटिव कॉलोनी गोलंबर, दीपुगढ़ा स्थित नवनिर्मित श्री श्री महादेव मंदिर में आयोजित सप्त देव सप्त दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आस्था, आध्यात्मिकता और सनातन संस्कृति के प्रति नई चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण एवं महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए पूजा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद वे मटवारी कुम्हारटोली दुर्गा स्थान पहुंचे, जहां आयोजित शिव परिवार पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने भगवान शिव, माता पार्वती एवं समस्त देव शक्तियों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण की कामना की। साथ ही आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। दिन के अंतिम चरण में मुन्ना सिंह बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 सर्व देव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान समाज में भाईचारे, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

## झारखंड में मानसून की दस्तक के बाद बदला मौसम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मानसून के प्रवेश के साथ ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। मौसम केंद्र रांची के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार, 13 जून को राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की आशंका भी व्यक्त की है।

# साप्ताहिक थाना दिवस में कई मामलों का निष्पादन, भूमि व पारिवारिक विवादों का हुआ समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में शनिवार को संबंधित अंचलाधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, न्यायालय परिवाद, आपसी मारपीट एवं अन्य जन शिकायतों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। थाना दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पक्षकारों की बातें सुनीं और आपसी सहमति तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत विवादों के समाधान का प्रयास किया। कई मामलों का तत्काल निपटारा किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे आपसी विवादों को बातचीत एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें, ताकि अनावश्यक तनाव और मुकदमेबाजी से बचा जा सके। थाना दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला तथा उनके त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई। जिला पुलिस प्रशासन ने बताया कि साप्ताहिक थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य भूमि एवं पारिवारिक विवादों सहित अन्य स्थानीय समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। साथ ही, इस पहल के माध्यम से अनावश्यक मुकदमों और आपसी विवादों में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि थाना दिवस आम जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का एक प्रभावी मंच साबित हो रहा है।

# सैनिकों के परिजनों को भी विधिक सहायता

## विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को दी गई जरूरी जानकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उन्थु और फेसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता गोविंद कुमार सिंह ने किया और संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक विनय कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस क्रार्यकम में पहली बार जिलेवासियों को बताया गया है कि सैनिकों के परिजनों के लिए वीर परिवार सहायता योजना 2025 काफी लाभप्रद है जिसके तहत भारतीय सेना, अध्य सैनिक बलों के जवानों पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के समर्थन में इस योजना के लाभ के योग्य लोगों के लिए कानूनी सहायता और कार्यवाही के लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाई गई है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। इस अवसर पर मुखिया वृजमोहन यादव, गुड्डू यादव, हीरा यादव, उदय कुमार सिंह, पप्पू कुमार, मालती देवी, पुनम देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अधिवक्ता ने बताया कि प्राधिकार के सचिव न्यायधीश तान्या पटेल के निदेश पर 14 जून को प्राथमिक विद्यालय हज़ारी कर्मा, 21 जून को उर्दू विद्यालय काजी कर्मा चक्र जम्होर और 28 जून को उच्च विद्यालय बेलसारा देव में विभिन्न विषयों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# बंद घर से लाखों के जेवरात की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या 17 पटवा टोली में एक बंद घर से चोरों द्वारा लाखों रुपए के सोना चांदी का जेवरात सहित अन्य सामान चुरा लिया गया। यह घटना शंभू कुमार के घर में हुई है। गृह स्वामी का कहना है कि 11 जून की दोपहर में वे अपने घर को बंद कर पूरे परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए उत्तर प्रदेश के बलीरामपुर चले गए थे। इसी दौरान उनके घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी, जिसकी जानकारी मुहल्ले वासियों द्वारा उन्हें दी गई। शुक्रवार की रात्रि में वे अपने घर पहुंचे तो देखें कि उनके घर के गोदरेज का ताला टूटा हुआ था। घर में रखा सोने का मंगलसूत्र, पायल, झुमका सहित अन्य जेवरात और 10 हजार रुपए नकद चुरा लिया गया है। घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल किया है। गृहस्वामी द्वारा घटना के संबंध में लिखित आवेदन थाना में दी गई है। पुलिस का कहना है की घटना की जांच -पड़ताल की जा रही है।

# जामताड़ा में दिशा की बैठक में उठा पानी की समस्या का मुद्दा, मंत्री इरफान अंसारी नाराज होकर लौटे वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जामताड़ा।** शनिवार को जिला समाहरणालय के सभागार में दिशा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता दुमका लोकसभा सांसद नलिन सोरेन ने की। बैठक में झारखंड विधानसभा स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, विधायक उदय शंकर सिंह, डीसी, एसपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिले में चल रही सरकार की अलग-अलग कल्याणकारी योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। सांसद नलिन सोरेन ने पीने के पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि जामताड़ा जिले में पीने का पानी एक बड़ी समस्या है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया ताकि किसी को भी पीने के पानी की कमी न हो। रोजगार और पलायन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संथाल परगना में युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने से रोकने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। यहां के किसानों को इन योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए और उन्हें खेती करने के लिए बढ़ावा देना चाहिए। बैठक में शामिल हुए नाला विधानसभा से झामुमो विधायक और झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दिशा की बैठक को अहम बताया। उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान धीमी चल रहे कार्यों में तेजी आती है। इस दिशा की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी आमंत्रित थे। वे बैठक शुरू होने के काफी देर बाद अपने काफिले के साथ जिला समाहरणालय पहुंचे। लेकिन, बैठक में ऊपर नहीं गए और वापस लौट गए। पूछने पर पता चला कि उपायुक्त उनका स्वागत करने नीचे नहीं आए थे। इससे मंत्री नाराज हो गए और वापस चले गए। जब स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से उनकी नाराजगी का कारण और वे दिशा की बैठक से क्यों जा रहे हैं? इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कुछ भी टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कुछ नहीं कहा और चलते बने। जब सांसद नलिन सोरेन से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि किस बात की नाराजगी है, वे यह नहीं बता सकते। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कि मंत्री इरफान अंसारी बैठक में आमंत्रित थे।

# आईसीयू में झारखंड की आयुष चिकित्सा व्यवस्था! 444 पदों के मुकाबले सिर्फ 44 डॉक्टर, 25 सालों से नहीं हुई एक भी स्थायी नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में एक ओर जहां विश्व योग दिवस मनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है, वहीं दूसरी ओर आयुष चिकित्सा व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। आयुष यानी आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा और होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति को खुद में समेटे यह विभाग झारखंड में पूरी तरह उपेक्षित है। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग में आयुष चिकित्सकों के कुल 444 पद सृजित थे। साल दर साल आयुष चिकित्सक रिटायर होते गए। नई बहाली हुई नहीं, नतीजा यह है कि आज की तारीख में कुल 444 सृजित पदों के मुकाबले सिर्फ 44 आयुष चिकित्सक ही पदस्थापित हैं। उनमें से भी 05-06 चिकित्सक अगस्त महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। आंकड़ें बताते हैं कि वर्तमान समय में आयुष चिकित्सकों के 90% सृजित पद खाली पड़े हुए हैं और महज 10% चिकित्सक ही कार्यरत हैं। इसमें से भी कई चिकित्सक मरीजों के इलाज की जगह आयुष निदेशालय में उपनिदेशक, जिला आयुष पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर आसीन हैं। अगस्त महीने में कई चिकित्सक सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसके बाद आयुष चिकित्सकों की संख्या और कम हो जाएगी। रांची के जिला आयुष पदाधिकारी और आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ साकेत कुमार कहते हैं कि वह भी अगस्त महीने में रिटायर हो जाएंगे। उनके साथ कई चिकित्सक भी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसी स्थिति इसलिए बनी क्योंकि राज्य गठन के बाद से यहां आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति ही नहीं हुई है। साल दर साल आयुष चिकित्सक सेवानिवृत होते हैं और सृजित पद खाली होता जाता है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में सेवानिवृत्त हुए कई आयुष चिकित्सक, सेवानिवृति की उम्र सीमा बढ़ाने को लेकर कोर्ट भी गए थे। 2025 में झारखंड उच्च न्यायालय ने आयुष चिकित्सकों की उम्र सीमा 65 वर्ष से बढ़ाकर 67 वर्ष करने के आदेश भी दिए थे लेकिन अदालत का वह फैसला अभी तक लागू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अगर उच्च न्यायालय का वह फैसला लागू हो जाता तो दो वर्ष के लिए 44 डॉक्टर बनें रहते, उनकी संख्या नहीं घटती। उन्होंने बताया कि आयुष चिकित्सकों ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर झारखंड के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) से आयुष चिकित्सकों के रिटायरमेंट की उम्र सीमा बढ़ाने और सृजित पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। अब फैसला सरकार और विभाग को लेना है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सकों की स्थायी सृजित पदों पर बहाली नहीं हुई तो आयुष की सभी व्यवस्थाएं चरमरा जाएगी।

राज्य बनने के समय जो चिकित्सक बिहार से झारखंड के हिस्से में आए थे, उन्हीं के भरोसे पूरी व्यवस्था चलती रही। समय के साथ बड़ी संख्या में चिकित्सक सेवानिवृत्त होते गए, लेकिन उनकी जगह नए डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि वर्तमान में कार्यरत 44 स्थायी चिकित्सकों में से भी कई आने वाले वर्षों में सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी करने वाले हैं। यदि शीघ्र बहाली प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो राज्य के अनेक आयुष अस्पताल, संयुक्त औषधालय, स्वास्थ्य केंद्र और यहां तक कि आयुष निदेशालय में भी पदाधिकारियों की कमी हो जाएगी। इसका सीधा असर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों वैसे लोगों पर पड़ेगा, जो आज भी बीमार होने की स्थिति में इलाज के लिए आयुष चिकित्सा पद्धति पर भरोसा करते हैं।

# संतोष डॉन के 25 ठिकानों पर ईडी की दबिश

## पिछले वर्ष भी हुई थी छापेमारी तब साड़ी पहनकर फरार होने की चर्चाएं तेज

### आपराधिक इतिहास खंगाल रही पुलिस

नबिटा टीम

**पटना/बिहारशरीफ।** जिले के खुशरूपुर और बाढ़ क्षेत्र में शनिवार को ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल संतोष यादव उर्फ संतोष डॉन के करीब 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ईडी की टीमें बाढ़ अनुमंडल के टेका बीघा, खुशरूपुर प्रखंड के चौड़ा, सुकरबेगचक, पचरुखिया, मुस्तफापुर, जगमालबीघा सहित विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर दस्तावेजों और संपत्तियों की सघन जांच कर रही हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों और पुलिस की तैनाती की गई है।

संतोष डॉन का आपराधिक इतिहास काफी पुराना रहा है और उस पर भूमि विवादों सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। बिहार पुलिस ने वर्ष 2026 में उसे पटना जिले के टॉप-10 मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल किया था और वर्तमान में उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। जांच एजेंसियों के रडार पर वह लंबे समय से है।

इससे पहले दिसंबर 2025 में जब पुलिस ने उसके पचरुखिया स्थित आवास पर दबिश दी थी, तब वह कथित तौर पर साड़ी पहनकर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा था। यह मामला उस समय काफी चर्चा में आया था और अब एक बार फिर से सोशल मीडिया व स्थानीय चचाओं में सामने है।

फिलहाल चल रही इस छापेमारी को लेकर ईडी की ओर से कोई



आधिकारिक विस्तृत विवरण साझा नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह कार्रवाई अवैध वित्तीय लेनदेन और बेनामी संपत्तियों के स्त्रोतों का पता लगाने के उद्देश्य से की जा रही है।

संतोष यादव की पत्नी पैक्स अध्यक्ष भी रह चुकी हैं, ऐसे में एजेंसी उनके वित्तीय संबंधों की भी पड़ताल कर रही है। जांच टीम यह भी पता लगाने में जुटी है कि संपत्तियों और लेनदेन में किसी राजनीतिक या प्रशासनिक नेटवर्क की भूमिका तो नहीं रही।

**बिहारशरीफ से संवाददाता के अनुसार** बिहार में अवैध जमीन कारोबार और हथियार तस्करी के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई और विशेष कार्य बल ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित भू-माफिया एवं पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ 'संतोष डॉन' और उसके करीबियों के लगभग 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पटना और नालंदा पुलिस के सहयोग से सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई कई घंटों तक चली। जानकारी के अनुसार, जांच एजेंसियों ने पटना जिले के खुसरूपुर क्षेत्र से लेकर नालंदा जिले के पचासा और खिदरचक गांव तक विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

ईओयू की टीम ने सुकरबेगचक पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख पति संजय कुमार उर्फ 'संतोष डॉन' के पचरुखिया स्थित आवास सहित जगमालबीघा, मुस्तफापुर और चौड़ा स्थित संपत्तियों की गहन जांच की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने बैंक खातों, संपत्ति संबंधी दस्तावेजों और अन्य महत्वपूर्ण कागजातों की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन पर रोड़ेबाजी से यात्री जख्मी

**शेखपुरा।** नवादा से पटना तक चलने वाली इकलौती मेमू ट्रेन पर शरारती तत्वों द्वारा की गई रोड़ेबाजी में नालंदा जिला का एक रेल यात्री घायल हो गया। घायल यात्री मनीष कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रेन पर रोड़ेबाजी की यह घटना गुरुवार की देर संध्या जिला के हथियावां थाना के बिहटा गांव के पास हुई। ट्रेन पटना से शेखपुरा आ रही थी। घायल यात्री नालंदा जिला के हिलसा थाना के इंदौत गांव का निवासी है। मनीष अपने तीन मित्रों के साथ नवादा का ककोलत जलप्रपात जा रहा था। घायल यात्री के साथियों ने बताया शेखपुरा के सर्वा जमालपुर से ट्रेन खुलने के बाद शेखपुरा की तरफ बढ़ी तभी बिहटा गांव के पास कुछ शरारती तत्वों ने ट्रेन में कई पत्थर मार दिए।

इसमें एक पत्थर खिड़की के किनारे बैठे मनीष के सिर पर लग गई,जिससे वह घायल हो गया। ये लोग दनियावां में इस ट्रेन पर सवार हुए थे। शेखपुरा जीआरपी ने बताया उनके पास इस तरह की कोई सूचना नहीं आई है।

# लोगों के हमले में पांच पुलिसकर्मी हुए जख्मी

### छापेमारी करने गई थी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत रामपुर उत्तर पंचायत में एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान बड़ा बवाल हो गया। पुलिस टीम पर हुए हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि ग्रामीण गिरफ्तार आरोपी को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर फरार कराने में सफल रहे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 से फरार चल रहे अभियुक्त मोहम्मद मोहिद के अपने घर पर मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रामपुर उत्तर पंचायत में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम आरोपी को लेकर वापस लौट रही थी।

इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और गिरफ्तारी का विरोध करने लगे।

देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान हुई मारपीट और धक्का-मुक्की में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी मोहम्मद मोहिद को छुड़ा लिया, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया।

घटना में घायल सभी पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला, नहीं पहुंचे चिकित्सक

### नर्स ने कराया प्रसव, बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के नाथनगर रेफरल अस्पताल में प्रसव के बाद एक नवजात की मौत को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रसव के समय डॉक्टर मौजूद नहीं थीं और नर्स ने ही डिलीवरी कराई। जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। मामला बिहारीपुर की रहने वाली पूजा कुमारी से जुड़ा है, जिन्हें प्रसव पीड़ा होने पर परिजन शनिवार सुबह नाथनगर रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

परिजनों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने के बाद नर्स ने मरीज की जांच की। जब भर्ती प्रक्रिया और पर्ची बनाने की बात कही गई तो उन्हें कुछ देर इंतजार करने को कहा गया। इसी दौरान प्रसव पीड़ा बढ़ने लगी।परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में नर्स ने ही प्रसव कराया। उनका कहना है कि प्रसव के दौरान पर्याप्त चिकित्सकीय निगरानी नहीं थी। बच्ची के जन्म के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि नवजात की हालत की तत्काल जांच भी नहीं की गई। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अन्वेषा ने बताया कि उन्होंने लेबर रूम का निरीक्षण किया था और ड्यूटी पर मौजूद नर्सों से मरीजों की जानकारी ली थी। उनके अनुसार संबंधित मरीज के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। डॉ. अन्वेषा का कहना है कि प्रसव हो जाने के लगभग 40 मिनट बाद उन्हें मामले की जानकारी मिली। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मरीज की स्थिति गंभीर थी तो इसकी सूचना उन्हें या अस्पताल प्रभारी को समय रहते क्यों नहीं दी गई।

## स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र की रहटौली पंचायत अंतर्गत रहटौली गांव के वार्ड संख्या-6 स्थित महादलित टोला में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को उनके घर के समीप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा विभिन्न बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित परामर्श देना था।

शिविर के दौरान बच्चों, किशोर-किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकीय टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संबंधी परामर्श, आवश्यक दवाओं का वितरण तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई। जांच के दौरान जिन लोगों में विशेष स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे के उपचार एवं आवश्यक जांच के लिए संबंधित स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया गया।

आरबीएसके टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, जन्मजात विकारों एवं अन्य बीमारियों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया।

# मोबाइल टावर गायब होने की प्राथमिकी

### वर्ष 2017 से था बंद,पुलिस कर रही छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के डुमरांव शहर से 131 फीट ऊंचा मोबाइल टावर गायब होने का मामला सामने आया है। प्राथमिकी में बताया गया है कि यह मोबाइल टावर बीते कुछ वर्षों से बंद था।

स्थानीय लोगों और संबंधित भूस्वामी के दावों पर यकीन करें, तो यह मोबाइल टावर संभवतः वर्ष 2017 के आसपास से बंद पड़ा था। इससे पहले पहले इस टावर से एयरसेल नाम की कंपनी का नेटवर्क संचालित होता था।उस कंपनी के बंद होने के बाद यह टावर भी बंद हो गया और इसके बाद इसकी देखरेख करने वाली कंपनी ने भी इसकी चिंता छोड़ दी।

करीब नौ साल के बाद कंपनी के अधिकारी दोबारा इस टावर को चालू करने आए, तो देखा कि वहां से सारे उपकरण गायब हो चुके हैं। कंपनी के प्रतिनिधि ने डुमरांव थाने में करायी गयी प्राथमिकी में अज्ञात लोगों को इसके लिए आरोपित बनाया है।

इस मोबाइल टावर का स्वामित्व जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नाम की एक कंपनी के पास था। यह कंपनी खुद कोई मोबाइल नेटवर्क सर्विस नहीं बेचती।

इसके बजाय, यह अपने एक ही टावर को कई अलग-अलग टेलीकाम कंपनियों को किराए पर देती है, ताकि वे वहां अपने एंटीना और इलेक्ट्रानिक उपकरण लगा सकें।

इसे दोबारा चालू करने के लिए बीते दो जून को कंपनी की टीम मौके पर पहुंची, तो पाया कि वहां से मोबाइल टावर और उसका पूरा सेटअप गायब है। इसमें मोबाइल टावर के अलावा 15 केवीए का डीजल जेनरेटर और अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं।

इन चीजों को वहां से किसने और कब हटाया, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। इधर पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

# सड़क हादसे में पूर्व मुखिया की मौत, तीन लोग जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया।** जिले के महेशखुंट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व मुखिया की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एनएच-31 पर काजीचक के समीप उस समय हुआ, जब राजगीर से लौट रहे एक परिवार की कार की तेज रफ्तार हाईवा से टक्कर हो गई। मृतका की पहचान कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पवई पंचायत के वार्ड संख्या-3 निवासी और जनार्दन यादव की पत्नी तथा पूर्व मुखिया साधना देवी (61) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, परिवार के सदस्य राजगीर मेले से दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब पांच बजे काजीचक के पास उनकी कार की एक हाईवा से जोरदार टक्कर हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकालकर अनुमंडल अस्पताल गोगरी पहुंचाया गया। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने साधना देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में रीमा देवी (45), रीतेश कुमार (40) और जनार्दन यादव (65) गंभीर रूप से घायल पाए गए।

प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

हादसे की सूचना मिलते ही महेशखुंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक एनएच-31 पर यातायात प्रभावित रहा।

बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर सड़क पर आवागमन सामान्य कराया। महेशखुंट थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# चौपाल आयोजित कर किसानों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

### फार्मर आईडी बनाने के बारे में दी गयी विशेष जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत भवन में कृषि विभाग के तत्वावधान में शारदीय कृषि जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें आधुनिक एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करना था। जन चौपाल में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने किसानों को कृषि विभाग, उद्यान विभाग, कृषि यांत्रीकरण योजना, आत्मा



योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर किसानों को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण प्रक्रिया फार्मर आईडी बनाने के बारे में विशेष जानकारी दी गई।

किसानों को फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों से बचाने के उपायों की जानकारी दी गई तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने किसानों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं योजना के लाभ प्राप्त करने की पूरी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रखंड आत्मा कार्यालय से एटीएम अमरदीप शर्मा, इंद्रजीत गौरव, किसान सलाहकार विशंभर नाथ प्रसाद एवं संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्नदाता किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन किसानों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# नशेड़ी सीएचसी प्रभारी शराब की दो बोतलों के साथ गिरफ्तार

### पूर्व से ही मिल रही थी शिकायतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** शिवसागर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक कुंदन को शुक्रवार देर शाम शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया गया। उनके आवास से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। कार्रवाई सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण के दौरान की गई।

सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन अस्पताल के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक कुंदन संदिग्ध अवस्था में मिले।

पूछताछ होने पर वे अपने आवास में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिए। इसके बाद मामले की सूचना तत्काल जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग को दी गई।

पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने चिकित्सक के आवास की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक भरी हुई तथा एक आधी खाली शराब की बोतल बरामद की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



सिविल सर्जन ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अक्सर नशे की हालत में रहते हैं। मरीजों और उनके स्वजनों के साथ भी उनका व्यवहार संतोषजनक नहीं था।

इन्हीं शिकायतों के आधार पर शुक्रवार शाम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थिति स्पष्ट होने पर सिविल सर्जन ने मामले की जानकारी तत्काल डीएम और एसपी को दी। इसके बाद पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की।

सिविल सर्जन ने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना चिकित्सकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाया जाना न केवल अपराध है, बल्कि गंभीर अनुशासनहीनता भी है।

## करंट से मां-बेटे की मौत

**समस्तीपुर।** विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना पंचायत अंतर्गत चतरा गांव में शुक्रवार की मध्य रात्रि एक हृदयविदारक हादसे में मां-बेटे की विद्युत स्पर्शाघात से दर्दनाक मौत हो गई। पंखे में विद्युत प्रवाहित हो रही थी और उसके संपर्क में आने से घर में सो रहे मां-बेटे को करंट लग गया। करंट की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में दोनों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को उपचार के लिए ले जाने की तैयारी की गई, परंतु उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम पुत्र और युवा मां की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

वहीं मां-बेटे की एक साथ हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चतरा गांव के वार्ड 15 निवासी कन्हैया पासवान की पत्नी रंगीला देवी (24) अपने छह वर्षीय पुत्र रतन कुमार के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान उनके पास रखा स्टैंड पंखा अचानक गिर पड़ा।

बताया जाता है कि पंखे में विद्युत प्रवाहित हो रही थी। पंखा गिरते ही रंगीला देवी उसकी चपेट में आ गईं। कुछ ही क्षणों में मां-बेटे की जिंदगी खत्म हो गई।

# बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहरक्षेत्र स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में आगामी श्रावणी मेले की तैयारियां तेज हो गई है। मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रमोद मुकेश की अध्यक्षता में लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को सुरक्षा, साफ-सफाई तथा सुलभ जलार्पण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए हर स्तर पर ठोस और विश्वसनीय इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी शिवभक्त को जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

बैठक में बताया गया कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ-साथ बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर हमेशा से जनहित और सेवा कार्यों का भी केंद्र रहा है। इसी कड़ी में आमजन की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए मंदिर न्यास समिति ने एक नई पहल की है। आगामी 14 जून से मंदिर परिसर में प्रत्येक रविवार को वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं थेरेपी शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह साप्ताहिक शिविर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित होगा। शिविर में सर्वाइकल दर्द, घुटनों का दर्द, सायटिका, स्लिप डिस्क, लकवा (पैरालिसिस), ब्रेन हेमरेज तथा मेंटली रिटार्डेड (मानसिक दिव्यांगता) जैसी गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को न्यूरोथेरेपी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से बिना किसी दुष्प्रभाव के राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## शो रूम में घुसकर मैनेजर की हत्या

**दरभंगा ।** एपीएम थानाक्षेत्र के चंदनपट्टी स्थित यामाहा शो रूम में घुसकर बदमाशों ने मैनेजर पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें मैनेजर लहेरियासराय थानाक्षेत्र के पुरानी मुंसिफ के मो. अशद अहमद के पुत्र मो फैज अहमद (30) की मौके पर ही मौत हो गई। उसके ऊपर हमलावर ने बाइक की शाकर और कैंची से गर्दन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर आरोपित फैज की स्कूटी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने आक्रोश व्यक्त किया। सूचना पर थानाध्यक्ष संजीत कुमार, पतोर थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सदल पहूंचे।

इसके बाद जाकर स्थिति को नियंत्रित किया और पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि छापेमारी चल रही है। सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, सदर एसडीपीओ राजीव कुमार,एफएसएल की टीम ने पहुंचकर बारीकी से जांच की। वहीं उक्त शो रूम में लगे सीसी कैमरे के फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# नौनिहालों का भविष्य दांव पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पिपराही।** जिले के पीएमश्री हाईस्कूलों से टैग करने के बाद जहां बच्चों की शिक्षा चौपट हो गई है, वहीं नौनिहालों का भविष्य दांव पर लग गया है। जबकि बच्चों को निवाला भी नहीं मिल रहा है। सरकार द्वारा मध्य विद्यालयों की छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को निकटतम पीएमश्री दर्जा प्राप्त हाईस्कूलों से टैग कर दिया गया। मकसद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना था।

इसके तहत शिवहर के 16 मध्य विद्यालयों की छठी से आठवीं कक्षाओं को निकटतम पीएमश्री दर्जा प्राप्त हाईस्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद से शिक्षा व्यवस्था बदहाली का शिकार बन गई है। मध्य विद्यालय अंबा कोठी के छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों को पीएमश्री जियालाल कलावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबाकला से टैग कर दिया गया। यहां इन तीन कक्षाओं के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी इकलौते शिक्षक पर है। वह शिक्षक भी उर्दू का है।

बच्चों को एक साल से अधिक समय से इकलौते उर्दू शिक्षक अनवर शमीम बच्चों को हिंदी, गणित, संस्कृत और विज्ञान सहित सभी विषयों की शिक्षा दे रहे हैं। अनवर शमीम बताते हैं कि अकेले बच्चों को पढ़ाने में परेशानी है।

गणित, संस्कृत व विज्ञान सहित किसी भी विषय के यहां शिक्षक नहीं हैं। इससे भी बुरा हाल है प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल पिपराही का। यहां मध्य विद्यालय पिपराही हरिजन के 116 बच्चे नामांकित हैं। लेकिन पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक नहीं है। प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल में पहले से ही शिक्षकों के पद भारी संख्या में खाली हैं। ऐसे में बच्चे बगैर पढ़ाई के ही परीक्षा पास हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन बच्चों को मिड डे मिल का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# हथियारों से लैस बदमाशों ने आभूषण दुकान में की लूटपाट

## एक बदमाश को व्यवसायी ने दबोचा, लोगों ने धुना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** थाना क्षेत्र के दामोदरपुर स्थित आम्रपाली ज्वेलर्स में शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण लूट लिए। पिस्टल के बट से वार में लहूलुहान होने के बावजूद व्यवसायी ने साहस का परिचय देते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया। अपने साथी को छुड़ाने के लिए बदमाशों ने आधा दर्जन राउंड फायरिंग की, लेकिन सफल नहीं होने के बाद लूटे गए नकद व जेवरात के साथ फरार हो गए।

इस बीच स्थानीय लोगों ने पकड़ में आए बदमाश को धुनाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार बदमाश आभूषण दुकान पर पहुंचे और पिस्टल के बल पर दुकान में मौजूद कर्मियों एवं ग्राहकों को कब्जे में लेते हुए लूटपाट शुरू कर दी।




बदमाशों ने दुकान से नकद समेत सोने-चांदी के आभूषण समेट लिए। इस दौरान दुकान में मौजूद ग्राहकों से भी नकदी एवं अन्य सामान लूट लिया गया।

लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद जब बदमाश भागने लगे, तो व्यवसायी धर्मेंद्र सर्राफ ने साहस का परिचय देते हुए एक को दबोच लिया। साथी को छुड़ाने के प्रयास में एक अन्य बदमाश ने पिस्टल के बट से व्यवसायी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वे लहूलुहान हो गए।

जख्मी होने के बावजूद दुकानदार ने बदमाश को नहीं छोड़ा और उससे संघर्ष जारी रखा। साथी को छुड़ाने के लिए बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी से इलाके में अफरातफरी मच गई। इस बीच स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती देख बदमाश अपने पकड़े गए साथी को छोड़कर पश्चिम दिशा की ओर फरार हो गए। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पकड़े गए बदमाश की जमकर धुनाई कर दी।

# राज्य में 31 जगहों पर बनेंगे विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव

**पटना-मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में तैयार होंगे हाई-टेक टर्मिनल ❑ डीजल-पेट्रोल रिटेल आउटलेट, इवी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के बस पड़ाव अब नए कलेवर में नजर आएंगे। इन्हें दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर आधुनिक, सुविधाजनक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। निगम पीपीपी मोड में राज्य के 31 स्थानों पर विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव का निर्माण कराएगा। इन टर्मिनलों में शॉपिंग मॉल, कैफेटेरिया, होटल, पीवीआर और एंटरटेनमेंट जोन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो न सिर्फ यात्रियों को सुविधा देंगी बल्कि बस यात्रा को एक सुखद अनुभव भी बनाएंगी। यहां डीजल और पेट्रोल रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त ईवी चार्जिंग स्टेशन मौजूद होंगे जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा।

**इन स्थानों पर होगा बस पड़ाव का निर्माण**

निगम ने पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुंगेर, जमुई, नवादा, सहरसा, पालीगंज, लहेरियासराय, मधुबनी, किशनगंज, मोतिहारी, छपरा, सुल्तानगंज, नौबतपुर, बरबीघा, मोकामा, चकाई, सीतामढ़ी, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, आरा, जहानाबाद, संग्रामपुर, तारापुर, भदौनी, सिकंदरा और राजगीर जैसे शहरों को चिन्हित किया है। परियोजनाओं के तहत बड़े से लेकर छोटे शहरों तक का चयन किया गया है जिसकी बदौलत इन स्थानों का शहरीकरण और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और निगम का राजस्व भी बढ़ेगा।

**पड़ाव पर होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं**

यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन टर्मिनलों में आधुनिक एसी युक्त प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता काउंटर, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक अनुकूल सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-चार्जिंग स्टेशन जैसी उत्कृष्ट सुविधाएं दी जाएंगी। ये बस डिपो पांच मंजिला होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर बस पार्किंग और वर्कशॉप होगी जबकि ऊपरी मंजिलों पर निगम कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी-नॉन एसी वेटिंग रूम, डॉर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग मॉल, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे। यह परियोजना बस स्टैंडों को मल्टी-मॉडल हब के रूप में विकसित करेगी जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके लिए निगम जमीन उपलब्ध कराएगा और निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी निजी भागीदार निभाएंगे। निर्माण के बाद बस पड़ाव लगभग निर्धारित वर्षों की लीज अवधि के लिए निजी एजेंसी को दिए जाएंगे। इस दौरान रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी एजेंसी की ही होगी। लीज अवधि समाप्त होने के बाद ये सुविधाएं पूर्ण रूप से निगम को ट्रांसफर कर दी जाएंगी। यह पहल राज्य में बस यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

# संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन सामाजिक एकता का सशक्त मंच : डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन केवल एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि समाज की एकता, सामाजिक समरसता और विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। वह रविवार को पटना स्थित रविंद्र भवन में संयुक्त नाई (सैन) एकता मंच द्वारा आयोजित भव्य संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने संयुक्त नाई (सैन) एकता मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाज को संगठित करने, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में मंच की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नाई समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और यह समाज अपनी मेहनत, सेवा, समर्पण तथा सामाजिक सहभागिता के लिए जाना जाता है। उन्होंने युवाओं से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बदलते समय के अनुरूप स्वयं को तैयार करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जलापूर्ति, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने समाज को शिक्षित, संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, बुद्धिजीवी, युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राजस्व महाअभियान की निगरानी के लिए प्रमंडलवार मॉनिटरिंग सेल का गठन : डॉ दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमंडलवार विशेष मॉनिटरिंग सेल का गठन किया है। विभाग द्वारा 11 जून से 17 जून 2026 तक विशेष शिविर आयोजित कर आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग और निष्पादन की प्रक्रिया को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर एक सशक्त मॉनिटरिंग तंत्र विकसित किया गया है जो राज्य के सभी जिलों में चल रहे कार्यों की लगातार निगरानी कर रहा है। मंत्री ने कहा कि विभाग का लक्ष्य पूरे राज्य में प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों की स्कैनिंग और अपलोडिंग का कार्य शीघ्र पूरा करना है। इसके लिए मुख्यालय से प्रत्येक घंटे जिलों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है तथा अद्यतन आंकड़े संकलित किए जा रहे हैं जहां कहीं भी कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई जा रही है वहां तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व महा-अभियान राज्य के लाखों लोगों से जुड़ा हुआ है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि विशेष शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें और प्रतिदिन की प्रगति विभाग को उपलब्ध कराएं।

# बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल ने कायम रखी उत्कृष्टता की परम्परा : डॉ. प्रेम कुमार

**इडब्ल्यूए बिहार मीट 2026 में जुटे वेस्टकॉटियंस, शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित रेयर विंडो में आयोजित ईडब्ल्यूए बिहार मीट 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। एक्स-वेस्टकॉटियन एसोसिएशन (ईडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम (रांची) के पूर्व छात्र एकत्र हुए और वर्ष 2027 में होने वाले विद्यालय के शताब्दी समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य जे. जे. एडविन और हॉस्टल निदेशक ऑब्रे थॉमसन उपस्थित रहे जबकि पूर्व प्रधानाचार्य आर. आई. थॉर्नटन और सुश्री जैकब ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ईडब्ल्यूए बिहार मीट केवल मिलन समारोह नहीं, बल्कि स्मृतियों, संस्कारों और आत्मीय संबंधों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल ने लगभग एक शताब्दी से शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा कायम रखी है। वर्ष 2027 में विद्यालय के 100 वर्ष पूरे होने पर यह केवल संस्थान का नहीं, बल्कि उन हजारों पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का भी उत्सव होगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। प्रधानाचार्य जे. जे. एडविन ने पूर्व छात्रों से शताब्दी समारोह में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। ईडब्ल्यूए अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने संगठन की गतिविधियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मनोज चंद्रवंशी, विशाल सिन्हा, अशोक प्रसाद, सतीश कुमार, राहुल कुमार सिंह और भास्कर सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे। संचालन वर्ष 2010-11 बैच के पूर्व छात्र तथा लीगल बाइट्स के संस्थापक मयंक शेखर ने किया। अंत में प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए और सामूहिक छायाचित्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।


# पीटर इंग्लैंड ने बिहार में खोला अपना सबसे बड़ा स्टोर, नई रिटेल पहचान की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के लोकप्रिय मेन्सवियर ब्रांड पीटर इंग्लैंड ने बिहार में अपने सबसे बड़े स्टोर के उद्घाटन के साथ अपनी नई रिटेल पहचान पेश की है। पटना के कंकड़बाग में स्थित यह फ्लैगशिप स्टोर करीब 3,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में दो मंजिलों पर फैला हुआ है और यह देश का पहला पीटर इंग्लैंड स्टोर है जहां ब्रांड की नई रिटेल पहचान को प्रदर्शित किया गया है। यह नया स्टोर ग्राहकों को पीटर इंग्लैंड की पूरी दुनिया का अनुभव एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है। यहां प्रतिष्ठित ग्रिफिन लोगो वाले डेनिम, क्रिकेट से प्रेरित लाइफस्टाइल कलेक्शन 'द जेंटलमैन्स लीग', आकर्षक फॉर्मल वियर और 'द बॉलीवुड वेडिंग' कलेक्शन के खास अवसरों के लिए तैयार परिधान उपलब्ध हैं। गुणवत्ता, बेहतरीन कारीगरी और बेहतर खरीदारी अनुभव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह फ्लैगशिप स्टोर भारत में पीटर इंग्लैंड की नई रिटेल यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।

# विश्व रक्तदाता दिवसः बी. डी. कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटों ने पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए फैलाया जागरुकता का संदेश




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विश्व रक्तदाता दिवस पर 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. (बी. डी. कॉलेज, पटना) में कैडेटों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कला और रचनात्मकता के माध्यम से आम जन को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता के दौरान बी. डी. कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटों ने एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक पोस्टर बनाए। पोस्टरों के माध्यम से कैडेटों ने यह संदेश दिया कि 'आपका रक्त किसी को नया जीवन दे सकता है' और रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करने का प्रयास किया। प्राचार्य प्रो. (डॉ) दिवाकर प्रसाद ने कैडेटों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया और उनके हुनर व सामाजिक सोच की जमकर सराहना की। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। हमारे बी. डी. कॉलेज के युवा कैडेट जिस तरह समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठा रहे हैं, वह बेहद सराहनीय है। आपका एक छोटा सा प्रयास किसी पीड़ित की जान बचा सकता है। राहुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बेहद अनुशासित और सफल तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर (परीक्षा नियंत्रक) प्रो. सिकंदर जमील, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी, डॉ. महेश केवट (संस्कृत विभाग) एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे और कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए 25 जून तक जमा होंगे आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग में 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन जमा होंगे। विदित हो कि राज्य में गन्ना की खेती करने के साथ ही चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है जिसमें गन्ना की खेती करने के लिए किसानों को अनुदान दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार राज्य सरकार ने गुड़ उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू की है जिसमें गुड़ उत्पादन इकाईयों को स्थापित करने लिए गन्ना किसानों और निवेशकों को छह लाख से लेकर एक करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रथम चरण में 25 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित किया है। विभाग के अनुसार विभिन्न पेराई क्षमता वाली गुड़ उत्पादन इकाईयों को पूंजी की लागत का 50 फीसदी तक अनुदान देने का प्रावधान है जिसमें 5 से 20 टन प्रतिदिन गन्ना पेराई की क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 6 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार 21 से 40 टन प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 15 लाख रुपये, 41 से 60 टन प्रतिदिन पेराई क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 45 लाख रुपये और 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 1 करोड़ रुपये अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक किसान एवं निवेशक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# 12 वर्षों में 89 पेपर लीक का रिकॉर्ड बना चुकी है एनडीए सरकार : राजेश राम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विगत 3 मई को आयोजित नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई में रिजल्ट और कॉपी में अनियमितताओं के बाद कांग्रेस के कड़े विरोध के दबाव में केंद्र सरकार ने नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दिया और सीबीएसई में हुई अनियमितताओं पर जांच समिति का गठन कर दिया, लेकिन अब भी इस मामले में दोषियों की पूरी गिरफ्तारी नहीं होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उदासीनता के कारण बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में बिहार के कांग्रेसजन ने व्यापक प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में 89 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हुए हैं और खुद एनटीए के अधीन नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र चार बार लीक हो चुके हैं जिससे केंद्रीय परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र की मोदी सरकार ने ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था बना दी है कि अमीर परिवारों के बच्चों को ही मेडिकल सीटें और नौकरियां मिलेंगी जबकि गरीब परिवारों के छात्रों को उम्मीद के सहारे हर बार धोखा ही खाना पड़ेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली इस एनडीए सरकार के तहत शिक्षा व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है। इस व्यवस्था को बदलने के लिए और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर संघर्ष कर रही है। आज बिहार के छात्रों के हक के लिए हम सड़कों पर हैं। वर्तमान सरकार को अविलंब एनटीए के तहत आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में पारदर्शिता और पेपर लीक की समस्या को खत्म करना चाहिए और आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के साथ भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर गंभीरता बरतनी चाहिए।

# युवाओं के सपनों को मिलेगी नई दिशा : डॉ. आनन्द रंजन झा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार संबंधी जागरूकता, सामाजिक सहभागिता तथा आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्रदान करने की एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज के युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने, अपने विचारों को अभिव्यक्त करने और अपनी उपलब्धियों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने के अवसरों की भी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी वर्षों से कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। अब बिहार बुलेटिन के माध्यम से युवाओं की सफलता की कहानियों, उपलब्धियों, नवाचारों और सामाजिक योगदानों को व्यापक मंच एवं नई पहचान मिलेगी। डॉ. झा ने जोर देते हुए कहा कि यह पहल युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शिक्षा, कौशल विकास और जिम्मेदार पत्रकारिता के समन्वय के माध्यम से समाज में सार्थक एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने, अपनी उपलब्धियों को साझा करने तथा समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलना चाहिए। बिहार बुलेटिन डॉट इन और सीएमसीए डॉट लाइव इसी उद्देश्य और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल बिहार के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगी तथा शिक्षा, कौशल और सूचना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं है, बल्कि आत्मविश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिकों का निर्माण करना है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में युवाओं के सपनों को नई दिशा मिलेगी और उनकी आवाज पूरे समाज में गूंजेगी।

# राज्य में महिलाओं के लिए चलेंगी 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में यातायात के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखते हुए पिंक बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम अब 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसों की शुरुआत करने जा रहा है। ये सभी बसें पूरी तरह एसी होंगी जिससे सफर आरामदायक होगा। वर्तमान में राज्य में 100 पिंक बसें चल रही हैं। अब इनकी संख्या बढ़कर 150 हो जाएगी। साथ ही इन इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन से वातावरण भी दूषित नहीं होगा। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने हाल में सूचना भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भी इसकी घोषणा की थी।

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध : निशांत कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार की जनहितकारी स्वास्थ्य योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसी क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य भवन, पटना से स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बाल हृदय योजना के अंतर्गत 100वें बैच में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 32 बच्चों को निःशुल्क उपचार के लिए श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, अहमदाबाद रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के उपचार में बाधा न बने। बाल हृदय योजना इसी संकल्प का परिणाम है जिसके माध्यम से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित हजारों बच्चों को नया जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि योजना के 100वें बैच का रवाना होना स्वास्थ्य विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता और जरूरतमंद परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 100वें बैच में बक्सर जिले से 3, पूर्वी चंपारण से 2, जहानाबाद से 3, खगड़िया से 1, मधेपुरा से 2, मधुबनी से 1, मुंगेर से 2, नालंदा से 5, पटना से 7, समस्तीपुर से 3 तथा वैशाली से 3 बच्चे शामिल हैं जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बाल हृदय योजना की शुरुआत अप्रैल 2021 को एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सात निश्चय-2 के अंतर्गत 'सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा' के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग, विशेषकर हृदय में छेद की समस्या से पीड़ित 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को निःशुल्क जांच, सर्जरी एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# बिहार में तीन नए सुपर कॉरिडोर को हरी झंडी

**विश्वामित्र, गंगा-अंबिका और नारायणी पथ से बदलेगी उत्तर-दक्षिण बिहार की सूरत**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी का जाल बिछाने और सुगम व तेज यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी छलांग लगाई है। बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से वर्तमान में राज्य के तीन सबसे महत्वपूर्ण नए ग्रीन फील्ड/ हाईवे कॉरिडोर, विश्वामित्र पथ, गंगा-अंबिका पथ और नारायणी पथ के निर्माण की दिशा में धरातली कार्रवाई को बेहद तेज कर दिया गया है। इन तीनों प्रमुख पथों के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने, भूमि अधिग्रहण का नक्शा तय करने और वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए विभाग ने अपनी रणनीतिक प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इन तीनों मेगा प्रोजेक्ट्स के संरेखण को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये न केवल जिलों की दूरी को कम करेंगे, बल्कि राज्य के कृषि-उद्योग, व्यापार और रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। वर्तमान में चल रही तैयारियों के तहत देश की सबसे प्रतिष्ठित और विशेषज्ञ परामर्शी संस्थाओं को धरातल पर सर्वे और डिजाइनिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि सड़कों का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। बीएसआरडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि ये तीनों नए पथ बिहार के आर्थिक भूगोल को बदलने की क्षमता रखते हैं। एक्सप्रेसवे और फोरलेन मानकों पर आधारित इन नए मार्गों के किनारे लॉजिस्टिक्स पार्क, कृषि मंडियों और नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की भी अपार संभावनाएं बनेंगी। वर्तमान में बिहार सरकार का पूरा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि इन परियोजनाओं का जमीनी काम रिकॉर्ड समय में पूरा कर जनता को समर्पित किया जाए। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि परियोजना संबंधी पूरी प्रक्रिया को पूर्णतः समयबद्ध रखा गया है। इसके लिए चल रही प्रक्रियाओं में हाल ही में महत्वपूर्ण सरलीकरण किए गए हैं, ताकि जमीनी स्तर पर काम बिना किसी बाधा के तुरंत शुरू किया जा सके। इस महा अभियान के अंतर्गत स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी विशेषज्ञता का समन्वय किया जा रहा है। वर्तमान में तकनीकी प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून, 2026 निर्धारित की गई है जिसके तुरंत बाद धरातल पर भूमि मापन और अंतिम डीपीआर का काम पूरी रफ्तार पकड़ लेगा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने रक्तदान को बताया महादान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता, उसकी महत्ता और व्यापक उपयोगिता का प्रतीक है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, शल्य चिकित्सा तथा अन्य आपात स्थितियों में मरीजों का जीवन बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित होता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने और रक्तदाताओं के योगदान को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस पहली बार वर्ष 2004 में मनाया गया था। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2026 की थीम 'मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं' रखी गई है। उन्होंने कहा कि यह थीम रक्तदान जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कार्य के व्यापक मानवीय प्रभाव को रेखांकित करती है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समाज को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाता है, बल्कि मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

# संपादकीय

## पीओके में उबाल, भड़का जनाक्रोश, पाकिस्तान की नीतियों पर उठे बड़े सवाल

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आरक्षित सीटों के मुद्दे पर भड़की हिंसा ने इस्लामाबाद की नीतियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षाबलों की कार्रवाई, JAAC पर प्रतिबंध और जनता की बढ़ती नाराजगी से क्षेत्र में असंतोष गहरा गया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भड़की हिंसा इस्लामाबाद की नाकामियों को उजागर करती है। आज जो हालात वहां दिख रहे हैं, वह किसी साजिश या अचानक भड़के गुस्से का नतीजा नहीं। इसके पीछे है बरसों का दबा असंतोष।इंटरनैशनल मीडिया के मुताबिक, पीओके में इंटरनेट बंद है और सड़कों पर सेना का पहरा है। सुरक्षाबलों की गोलाबारी में कई नागरिकों की मौत हुई है। संख्या अलग-अलग आ रही है, पर डराने वाली बात है कि कैसे एक सेना निहत्थे लोगों पर अपनी ताकत आजमा सकती है। इतनी सख्ती के बावजूद लोगों में आक्रोश है। इस बार यह मामला शुरू हुआ पीओके की विधानसभा में 12 आरक्षित सीटों को लेकर। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए रिजर्व हैं, जो जम्मू-कश्मीर से होने का दावा करते हैं। लोगों को अंदेशा है कि उनका प्रतिनिधित्व कमजोर होगा और इस्लामाबाद का प्रभाव बढ़ेगा। जनता की चिंता को समझने के बजाय पाकिस्तान ने दमन का रास्ता अपनाया। आम लोगों की आवाज बनी जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी (जेएएसी) को आतंकवाद निरोधी कानून के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया। इससे गुस्सा और भड़क उठा। जेएएसी पर बैन का फैसला पाकिस्तान की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक है। यह संगठन आम लोगों की आम समस्या - महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर खड़ा हुआ था। आज इसे जिस तरह का समर्थन मिल रहा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान के बाकी सियासी दलों पर क्ष्य्य को भरोसा नहीं रहा।पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हर कुछ वक्त बाद आंदोलन भड़क उठता है। तात्कालिक मुद्दे भले अलग-अलग लगते हों, पर असल वजह है पीओके को लेकर पाकिस्तान की सोच। अपने तमाम प्रोपेगेंडा के बावजूद पाकिस्तान ने कभी इस इलाके के विकास और जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। आज यह पूरा क्षेत्र बदहाली का शिकार है। ऊपर से इस्लामाबाद में बैठी सरकार उनके अधिकारों पर भी डाका डालने की फिराक में रहती है।पाकिस्तान में मानवाधिकारों का उल्लंघन आम है। बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक, पूरी कमान वहां की सेना के हाथ में है। राजनीतिक विरोधी और असहमति जताने वाले वहां जिस तरह गायब हो जाते हैं या उनकी हत्या हो जाती हैं, इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र भी चिंता जता चुका है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बिल्कुल ठीक कहा है कि पीओके में पाकिस्तान अपनी विफलताओं को छिपाने का हताशा-पूर्ण प्रयास कर रहा।

**मोदी युग को भारत की गुम होती सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना के लिए भी याद किया जाएगा। सदियों से उपेक्षित राष्ट्रीय प्रतीकों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत को नई गरिमा मिली। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना के सम्मान का प्रतीक बना।**

# मोदी युग के बारह वर्ष-विकास, विश्वास और विराट का उदय

**(ललित गर्ग)**

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ कालखंड केवल शासन परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण के लिए याद किए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते बारह वर्षों का दौर ऐसा ही एक कालखंड है। यह केवल एक प्रधानमंत्री के लंबे कार्यकाल की कहानी नहीं है, बल्कि उस भारत की कहानी है जिसने स्वयं को नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और नई वैश्विक पहचान के साथ स्वयं को स्थापित किया है। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि केवल राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि जनता के उस विश्वास का प्रमाण है जो बार-बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से व्यक्त हुआ है। भारत जैसा विशाल, बहुभाषी, बहुधार्मिक और सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश किसी नेतृत्व को लगातार तीन बार राष्ट्रीय जनादेश दे, यह अपने आप में असाधारण एवं ऐतिहासिक घटना है।

मोदी युग की सबसे बड़ी विशेषता केवल विकास नहीं, बल्कि विकास और विश्वास का समन्वय है। नेहरू युग को आधुनिक भारत के निर्माण का काल कहा गया, तो मोदी युग को उस भारत के आत्मविश्वास के पुनर्जागरण का काल कहा जा सकता है। मोदी ने केवल सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों और डिजिटल नेटवर्क का निर्माण नहीं किया, बल्कि करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास भी जगाया कि भारत किसी से कम नहीं है और वह विश्व मंच पर नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है। मोदी की सबसे विलक्षण विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को केवल सत्ता संचालन का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे जनभावनाओं और राष्ट्रीय आकांक्षाओं से जोड़ा। वे उन विरले नेताओं में हैं जिन्होंने सरकारी योजनाओं को केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें जनआंदोलन का स्वरूप दिया। स्वच्छ भारत अभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सफाई का विषय जो कभी सरकारी विभागों तक सीमित था, उसे राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ दिया गया।

मोदी युग को भारत की गुम होती सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना के लिए भी याद किया जाएगा। सदियों से उपेक्षित राष्ट्रीय प्रतीकों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत को नई गरिमा मिली। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना के सम्मान का प्रतीक बना। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और सोमनाथ जैसे तीर्थों का विकास यह संकेत देता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकती हैं। मोदी की एक और विशेषता यह है कि उन्होंने भारत की विदेश नीति को आत्मविश्वास का नया आयाम दिया। कभी विश्व शक्तियों के बीच संतुलन साधने वाला भारत आज वैश्विक विमर्श को प्रभावित करने वाला राष्ट्र बनकर उभरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो, पश्चिम एशिया का संकट हो, जी-20 का नेतृत्व हो अथवा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की आवाज उठाने का प्रश्न- भारत ने निर्णायक भूमिका निभाई है। यह वही भारत है जिसे कभी विकासशील देशों की कतार में खड़ा माना जाता था, लेकिन आज दुनिया उसकी ओर समाधान प्रदाता राष्ट्र के रूप में देख रही है।



इन बारह वर्षों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह भी है कि शासन के केंद्र में पहली बार अंतिम व्यक्ति को रखने का गंभीर प्रयास दिखाई दिया। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीबों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया। शासन की पारदर्शिता बढ़ी और बिचौलियों की भूमिका सीमित हुई। डिजिटल इंडिया अभियान ने तकनीक को केवल महानगरों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचाया। नरेंद्र मोदी की नेतृत्व शैली का एक विशिष्ट पक्ष उनका संकल्पबोध है। वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप देते हैं। चाहे 370 का उन्मूलन हो, तीन तलाक पर रोक हो, जीएसटी लागू करना हो, महिला आरक्षण विधेयक हो अथवा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति-इन सभी निर्णयों में राजनीतिक जोखिम था, लेकिन उन्होंने जोखिम उठाने का साहस दिखाया। यही साहस उन्हें सामान्य राजनेताओं से अलग करता है।

हालांकि, किसी भी लोकतांत्रिक शासन की तरह चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की बढ़ती लागत, सामाजिक विषमताएं तथा आर्थिक अवसरों का असमान वितरण ऐसे प्रश्न हैं जिनका समाधान अभी अपेक्षित है। भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त करना चाहता है तो केवल आर्थिक वृद्धि पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ चिकित्सा, रोजगार सृजन और भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन को भी समान प्राथमिकता देनी होगी। मोदी सरकार के आगामी वर्षों से सबसे बड़ी अपेक्षा यही है कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए। भारत को ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जहां ईमानदारी अपवाद नहीं, सामान्य व्यवहार बने। शिक्षा और स्वास्थ्य को व्यावसायिक माफियाओं के प्रभाव से मुक्त कर आम नागरिक की पहुंच में लाना भी समय की मांग है। साथ ही उद्यमिता को बड़े औद्योगिक घरानों तक सीमित रखने के बजाय गांवों, युवाओं और महिलाओं तक पहुंचाना होगा ताकि प्रत्येक नागरिक रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुझे अनेक अवसरों पर मिलने और उन्हें निकट से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2007 में, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में पूज्य आदिवासी जैन संत गणि राजेंद्र विजयजी के सान्निध्य में आयोजित एक विराट आदिवासी सम्मेलन में उनसे विस्तृत संवाद का अवसर मिला। उस सम्मेलन में वे केवल औपचारिक अतिथि के रूप में नहीं आए थे, बल्कि अपने संपूर्ण मंत्रिमंडल के साथ उपस्थित होकर आदिवासी समाज के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। उसी अवसर पर उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के शैक्षिक उत्थान हेतु एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को हमारे सुखी परिवार फाउंडेशन को संचालित करने के लिए प्रदान किया तथा आदिवासी विकास की दिशा में ऐतिहासिक 15,000 करोड़ रुपये की वनबंधु कल्याण योजना की घोषणा की। यह उनकी दूरदृष्टि और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच का प्रमाण था। इसी सम्मेलन के दौरान एक अत्यंत रोचक और ऐतिहासिक प्रसंग भी सामने आया। गणि राजेंद्र विजयजी ने नरेंद्र मोदी से कहा-अब आपको दिल्ली जाना चाहिए और देश की बागडोर संभालनी चाहिए। उस समय मोदीजी ने सहज मुस्कान के साथ उत्तर दिया-मुझे दिल्ली कौन ले जाएगा? किंतु संतों की वाणी में एक विशेष शक्ति होती है। जो बात उस समय एक साधारण संवाद प्रतीत हुई, वही कुछ वर्षों बाद भविष्यवाणी के रूप में सत्य सिद्ध हुई।

उन दिनों गुजरात सचिवालय में भी अनेक बार जाने और मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। वहां जो सबसे अधिक प्रभावित करने वाली बात थी, वह उनकी कार्यसंस्कृति का प्रभाव था। सचिवालय में बड़े से बड़े आईएएस अधिकारी भी आत्मानुशासन, समयपालन और स्वावलंबन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते थे। अपने छोटे-छोटे कार्य स्वयं करना, अनावश्यक तामझाम से दूर रहना, समय का सदुपयोग करना और जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानना वहां की प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका था। स्पष्ट महसूस होता था कि यह कार्यशैली शीर्ष नेतृत्व की प्रेरणा से विकसित हुई है। नरेंद्र मोदी केवल आदेश देने वाले प्रशासक नहीं हैं, बल्कि अपने आचरण से व्यवस्था को दिशा देने वाले नेतृत्वकर्ता हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को कौशल, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ा गया तो भारत केवल विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। इसी प्रकार महिला शक्ति को विकास की मुख्यधारा में पूर्ण भागीदारी देकर राष्ट्र निर्माण की गति को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मोदी युग की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद आंकड़ों, परियोजनाओं या चुनावी जीतों में नहीं, बल्कि उस मनोवैज्ञानिक परिवर्तन में है जो भारत के जनमानस में दिखाई देता है। नरेंद्र मोदी ने बारह वर्षों में विकास की संरचनाएं खड़ी की हैं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के भीतर भविष्य के भारत की एक आकांक्षा जगाई है। 2047 के विकसित भारत का उनका संकल्प तभी साकार होगा जब विकास के साथ विश्वास, समृद्धि के साथ समान अवसर और शक्ति के साथ संवेदनशीलता भी जुड़ेगी। यदि यह संतुलन बना रहता है, तो इतिहास मोदी युग को केवल एक लंबे राजनीतिक कार्यकाल के रूप में नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक उदय के युग के रूप में याद करेगा।लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : सेवा ,संकल्प और सम्मान का कालखंड



**डॉ मणिकांत झा**

मोदी सरकार के स्वर्णिम 12 वर्ष पूरे हुए और अब तो वह भारत के प्रधानमंत्री पद को सबसे लंबे समय तक सुशोभित करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। निश्चित रूप से यह सब राष्ट के प्रति उनकी सेवा भावना, दृढ़ इच्छा शक्ति, समर्थ सोच व संस्कार का परिणाम ही तो है ।अपने सुशासन के इस कालखंड में उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की सुधि लेकर उनके सर्वांगीण उत्थान के लिए सिर्फ चिंता ही नहीं की वरन् सफल योजनाओं को कार्यन्वित कर सीधे उन तक लाभ भी पहुंचाया है। जो आज भी धरातल पर दिख रहा है।भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण ही योजनाओं का लाभ सीधे लाभान्वितों तक पहुंचाने में सफल रहे ।तभी तो इस कालखंड में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला जा सका। उनके कार्यकाल में गरीब हितों के लिए योजनाएं, डिजिटल क्रांति और बुनियादी ढांचे के विकास पर फोकस रहा है। समस्त देशवासियों का विश्वास अर्जित करना ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी साबित हुई है जिसके बल पर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सिर्फ आर्थिक प्रगति ही नहीं सामाजिक चेतना के प्रति भी सचेत रहा है। अनेक वैश्विक चुनौतियों के बीच देश को सही मार्गदर्शन के बलपर वैश्विक सम्मान पाने में सफलता मिली वहीं देश में रचनात्मक व दूरदर्शी योजनाओं को लागू कर आर्थिक समृद्धि को निरंतर गति मिल रही है ।तभी तो भारत विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का पहचान पाने में सफल हो रही है । आज जीडीपी की दर 7.7त्न तक पहुंच गई है और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करना उनका दृढ संकल्प है।

अपने इस12 साल के दौरान ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय लेने में मोदी काफी सफल साबित हुए हैं। जम्मू कश्मीर से 370 और 35 ए को निरस्त करने के फल स्वरुप वहां का विकास देश की मुख्य धारा से जुड़ गया है। जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों तक पाइपलाइन से साफ पानी पहुंचाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण संभव हो सका है जिससे विशेष कर महिलाओं को सुरक्षा के साथ-साथ सम्मान मिला है ।वहीं 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देकर उन्हें सुविधा पहुंचाई गई है। 12 साल के कालखंड में यदि बुनियादी ढांचे के विकास की बात करें तो राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या जहां 91 थी वह अब बढ़कर 164 हो गई है जबकि हवाई अड्डों की संख्या 74 से सीधे 164 तक पहुंच गई है ।वहीं नए संसद भवन, अटल सेतु, चिनाव रेल ब्रिज और कर्तव्य पथ का निर्माण कार्य इसी अवधि में पूरा कर लिया है ।इसी दौरान रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति हुई है। आंकड़ों की माने तो 38 400 करोड़ रुपए तक रक्षा निर्यात की रकम पहुंच गई है। इसके अलावा देश के 26 शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार 1100 किलोमीटर से अधिक हो चुका है जबकि 164 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कालखंड के दौरान 70 करोड़ से अधिक गरीबों को मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है और 4.3 लाख करोड रुपए किसानों तक पहुंचने जैसे कदम उठाए गए हैं। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक आवास निर्माण की स्वीकृत दी जा चुकी है। वही जन धन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाता खोले जा चुके हैं जिसमें महिलाओं के लिए 32 करोड़ खाता खोले गए हैं। इस प्रकार इस कालखंड में गरीब, युवा, महिला आदि को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का ईमानदार प्रयास किया गया है।

कहना ना होगा कि भारत ही नहीं वैश्विक मंच पर मोदी के नेतृत्व की स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है ।वहीं आत्मनिर्भर व स्वतंत्र विचारधारा वाले देश के रूप में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है जबकि आंतरिक राजनीतिक व्यवस्था के साथ-साथ कूटनीतिक क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। इस सबके बावजूद बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में रोजगार के अवसर सृजन करना वही सीमा सुरक्षा व पड़ोसी देश से संबंध के कई अनसुलझे मुद्दे जैसी चुनौतियां हैं जिसका समाधान समय पर होना आवश्यक है ।इसके लिए सही दिशा व सही समय का चयन कर शाश्वत व सुरक्षित निर्णय लेने की आवश्यकता है। वास्तव में भ्रष्टाचार को खत्म करने व देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने का उनका दृष्टिकोण लोगों में विश्वास का सृजन किया है और यही उनके सफलता का सूत्र रहा है। जो भी हो भारत आज मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे विश्व का नेतृत्व करने के काबिल है। चुनौतियां हैं तो समाधान भी। मोदी है तो मुमकिन भी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक हैं )**

# दहलीज़ लांघती बेटियां, स्कूल बैग से ज़्यादा भारी है सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ

**शिक्षा समानता सिखाती है, पर समाज लड़कियों को दायरों में बांधता है। साक्षरता 90 प्रतिशत होने के बाद भी बेटियां करियर चुनने और खुलकर हंसने के लिए 'कोड-स्विचिंग' का मानसिक श्रम कर रही हैं। अब उनके अनुभवों को पढ़ना होगा। भोर की पहली धूप के साथ जब लड़कियाँ घर की देहरी लाँघती हैं, तो उनके कंधों पर स्कूल बैग से कहीं अधिक भारी बोझ होता है।**

**(अतुल मौर्य)**

राजस्थान के एक छोटे कस्बे की प्रिया हो, या दिल्ली के किसी सरकारी विद्यालय की रोशनी; सुबह छह बजे उठकर, रसोई में चाय बनाकर, छोटे भाई-बहनों को तैयार करके जब वे बस की ओर दौड़ती हैं, तो यह दौड़ केवल विद्यालय तक नहीं होती। वे उस संसार में कदम रखती हैं जो उनसे कहता है- प्रश्न करो, आत्मविश्वास रखो, अपने सपनों को नाम दो।

कक्षाओं में वे संविधान की समता पढ़ती हैं, विज्ञान में तर्क के सूत्र सीखती हैं, भाषा में अपनी अभिव्यक्ति को धार देती हैं। परंतु संध्या की छाया के साथ जब वही लड़कियाँ घर की ओर लौटती हैं, तो वे एक बिल्कुल भिन्न दुनिया में प्रवेश करती हैं।

यह दुनिया किताबों की भाषा नहीं बोलती। यहां आवाज़ का तेज़ होना असंस्कार माना जाता है, हँसी की ऊँचाई मापी जाती है। एक ओर कक्षा में शिक्षिका कहती हैं-बेटा, बोलो, संकोच मत करो; दूसरी ओर घर में दादी टोकती हैं-इतनी ज़ोर से हँसते नहीं, लड़की हो। यही वह अदृश्य विभाजन रेखा है जिसे हम प्रायः दैनंदिन जीवन की सामान्यता मानकर अनदेखा कर जाते हैं।



**स्वीकृति के भीतर की अदृश्य सीमा**–समाज अब लड़कियों की पढ़ाई का उस तरह विरोध नहीं करता जैसा कभी करता था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस--5) के अनुसार देश में 15-24 वर्ष की आयु की महिलाओं में साक्षरता दर 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है यह निस्संदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। किंतु इस स्वीकार्यता की परतों के नीचे भी एक अदृश्य रेखा खिंची रहती है। मार्च 2025 में बिहार के दानापुर की खुशबू कुमारी की कहानी पूरे देश ने देखी, जिसने कक्षा 10 में 500 में से 399 अंक लाए, पर परिवार ने विज्ञान की जगह कला वर्ग में दाखिला दिलाया। खुशबू डॉक्टर बनना चाहती थीं।

यह कोई अपवाद नहीं है। एआईएसएचई (उच्च शिक्षा की अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट) 2022-23 के आँकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा में लड़कियों का नामांकन अनुपात (जीईआर) बढ़ा है, परंतु इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान में उनकी उपस्थिति अभी भी एक-तिहाई से कम है। शिक्षण, परिचर्या और मानविकी, ये क्षेत्र इसलिए सामाजिक रूप से मान्य हैं क्योंकि इनमें देखभाल और सेवा का भाव दिखता है और समाज स्त्री को इन्हीं भावों से जोड़कर देखने का आदी है।

अभियांत्रिकी, न्यायशास्त्र, राजनीति, रक्षा-सेवाएँ या वैज्ञानिक शोध जैसे क्षेत्रों में जाने वाली लड़कियाँ अभी भी सामाजिक कल्पनाशीलता की परिधि से बाहर हैं। जो इन क्षेत्रों की ओर जाती हैं, उन्हें प्रत्यक्ष प्रतिबंध से अधिक सूक्ष्म असहजताओं से गुजरना पड़ता है जैसे कि सेना में जाओगी, फिर शादी कौन करेगा? या वकालत में घर कब सँभालोगी? जैसे प्रश्न उनके सपनों को 'यथार्थ' की कसौटी पर बार-बार परखते हैं। धीरे-धीरे लड़की स्वयं भी यह आत्मसात करने लगती है कि उसके सपनों की एक 'सामाजिक सीमा' है। उसे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है परंतु केवल उतनी, जितनी से स्थापित सामाजिक संरचना असहज न हो।

**प्रतीकों का अनकहा पाठ**–शिक्षाशास्त्री प्रो. कृष्ण कुमार की दृष्टि में समाज स्त्री को केवल विधि-निषेधों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की एक सूक्ष्म भाषा से गढ़ता है। पहनावा, चाल, आवाज़ का आरोह-अवरोह इत्यादि, ये सब मिलकर एक अघोषित पाठ्यक्रम रचते हैं। इसकी अभिव्यक्ति कभी-कभी बेहद ठोस होती है। दिल्ली के कुछ विश्वविद्यालयों में एक शोध के दौरान छात्राओं से पूछा गया कि वे कक्षा में प्रश्न पूछने से क्यों हिचकती हैं।

उत्तर चौंकाने वाले थे कि लड़के हँसते हैं, प्राध्यापक सीरियसली नहीं लेते, घर में माँ कहती हैं ज़्यादा बोलना अच्छा नहीं। ये तीनों उत्तर तीन अलग-अलग दुनियाओं से आए थे परंतु एक ही निष्कर्ष पर मिलते थे - तुम्हारी आवाज़ का एक निर्धारित दायरा है। शायद इसीलिए बहुत-सी लड़कियाँ कम आयु में ही दो भिन्न संसारों के बीच एक अदृश्य सेतु बनाना सीख लेती हैं। विद्यालय में वे आत्मविश्वास से बोलती हैं, घर में संयम धारण करती हैं। वे जानती हैं कि किस परिसर में कितनी हँसी स्वीकार्य है, और कहाँ मौन ही समझदारी है। मनोविज्ञान इस प्रक्रिया को 'कोड-स्विचिंग' कहता है। कोड-स्विचिंग वह मानसिक श्रम है जो व्यक्ति को एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में जाते ही अपना व्यवहार, भाषा और अभिव्यक्ति बदलनी पड़ती है। यह श्रम अदृश्य है, थकाने वाला है, और अनिवार्यतः असमान क्योंकि यह लड़कियों से ही अपेक्षित है, लड़कों से नहीं।

**परिवर्तन की धीमी, दृढ़ आहट**–तथापि परिवर्तन की धारा रुकती नहीं। बिहार सरकार द्वारा चलाई गई 'साइकिल योजना' के द्वारा साइकिल मिलने के बाद जब लड़कियाँ पाँच किलोमीटर दूर के माध्यमिक विद्यालय जाने लगीं, तो पाँच वर्षों में राज्य की बाल विवाह दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। यह शोध अमेरिकन इकोनॉमिक जर्नल- अप्लाईड इकोनॉमिक्स में प्रकाशित हुआ। एक साइकिल ने केवल दूरी नहीं घटाई; उसने लड़की के लिए एक समय का स्वामित्व दिया, एक स्वतंत्रता दी।

प्रत्येक पीढ़ी में कुछ लड़कियाँ निर्धारित सीमाओं को थोड़ा और पीछे धकेलती हैं। झारखंड की मरियम, जिसने घर वालों के विरोध के बाद भी कानून की पढ़ाई जारी रखी और आज अपने जिले की पहली महिला वकील है, वह किसी आंदोलन की देन नहीं है; वह उस छोटी बातचीत की देन है जो उसकी माँ ने एक रात उसके पिता से की थी। बदलाव हमेशा बड़े आंदोलनों से नहीं आता, वह अक्सर घरों के भीतर होने वाली उन छोटी-छोटी बातचीतों से उगता है जो खामोशी को तोड़ती हैं। शिक्षा का वास्तविक अर्थ मनुष्य को केवल आजीविका के योग्य बनाना नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन के बारे में सोचने, प्रश्न करने और चुनाव करने की क्षमता से लैस करना है। विद्यालय जाने वाली लड़कियाँ प्रतिदिन लौटती हैं। परंतु उनके साथ जो प्रश्न लौटते हैं; वे प्रश्न जिन्हें वे कक्षाओं में नहीं पूछ सकतीं, जो उनके मन की गहराई में सुलगते रहते हैं, उन्हें समाज सुनने की कोशिश नहीं करता। अब समय आ गया है कि हम उनकी परीक्षाओं के अंकों से अधिक, उनके अनुभवों को पढ़ना सीखें।(लेखक जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में शिक्षा विषय के शोधार्थी हैं

# एनएच 31 पर बस और कार की भीषण भिड़ंत में 35 मजदूर घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** शनिवार की सुबह तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी से दहल उठा। कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज के समीप एक अनियंत्रित यात्री बस और कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बस चालक स्टीयरिंग से अपना नियंत्रण खो बैठा और करीब 50 यात्रियों से भरी बस हाईवे के बीचों-बीच पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 35 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार हादसा शनिवार की अहले सुबह उस वक्त हुआ जब सड़क पर विजिबिलिटी दृश्यता काफी कम थी। बस गेड़ाबाड़ी की ओर से पूर्णिया की तरफ जा रही थी तभी जुराबगंज के पास विपरीत दिशा से आ रही एक





तेज रफ्तार कार से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई, जिससे यात्री सीटों के बीच और मलबे में बुरी तरह फंस गए। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर नवादा के मजीदपुर स्थित ईंट भट्टे में जी-तोड़ मेहनत करने के बाद छुट्टियों में अपने घर पश्चिम बंगाल कूचबिहार लौट रहे थे। हादसे के बाद कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय युवाओं की मदद से तत्परता दिखाई और बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे लहूलुहान यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा पहुंचाया गया। इनमें से 12 यात्रियों और चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। बाकी 23 यात्रियों की स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। सड़क के बीचों-बीच बस पलटने के कारण एन एच-31 पर पूर्णिया और गेड़ाबाड़ी दोनों तरफ ट्रकों और बसों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात ठप होने के बाद थाना अध्यक्ष पंकज आनंद ने हाईवे अथॉरिटी की बड़ी जेसीबी मशीन मंगवाई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त बस और कार को सड़क से हटाकर किनारे किया गया। घायलों में गोकुल मियां (31) और उनकी पत्नी समीना बीवी (27, ) मुर्शेद आलम उमर (37), सोती बीवी (25), मौसमी बीवी (30), सुल्ताना परवीन (19) रफीकुल मियां (51),अमिकुल मियां (36),ज्योतुल मिया (35),बीवी नफीसा (35), रूब्बी बीबी (32) अकबर अली मियां (62), रोहिल्ला बीबी (42), कलम शेख (42), मुर्शीदां खातून (22) फेंची बीवी (35), लैला खातून (30), इमाबुल (22), बीवी मरजीना (50), रेशमा खातून (18), मजीदुल मियां (60) बस ड्राइवर कृष्ण दास (34) शामिल है। कोढ़ा थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और कार को जब्त कर लिया है। पेट की आग बुझाकर घर लौट रहे इन मासूम मजदूरों के सफर को किसने ग्रहण लगाया। पुलिस अब इसकी जांच कर रही है।

# विकास, विरासत और विश्वास बिहार के लिए 12 साल बेमिसाल : कुमार शैलेंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला अतिथि गृह में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने मीडिया संवाद में पत्रकार से वार्ता कर केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन एवं



जनकल्याण के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दी । मीडिया संवाद कार्यक्रम के अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज राय ने पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र का अंग वस्त्र में पुष्प देकर अभिनंदन स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पुर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी महतो, चन्द्र भूषण ठाकुर, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, सौरभ कुमार मालाकार, उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल शामिल मौजूद रहे । वही इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार का वोमेन लीड डेवलपमेंट मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों तक, महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना से 70 फीसदी महिलाओं को बिना गारंटी लोन देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया। लखपति दीदी', करोड़पति दीदी' और स्वयं सहायता समूहों ने उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भर बनाया। वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी का मार्ग प्रशस्त किया है।इसी का परिणाम है कि आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष, खेल,अनुसंधान और उद्योग सहित हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। मंत्री ने कहा कि हमारे किसान भाई-बहन देश की अन्न सुरक्षा,पोषण और समृद्धि के आधारस्तंभ हैं। उनके जीवन को अधिक से अधिक आसान बनाने के लिए हमारी सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। पीएम-किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जैसी कई पहल उनकी आय की सुरक्षा के साथ-साथ खेती को अधिक सशक्त बना रही हैं। पीएम-कुसुम योजना से जहां खेती के लिए उन्हें सौर ऊर्जा सुलभ हुई है। वहीं इससे खेती पर होने वाला खर्च भी कम हुआ है। मोदी जी के 12 वर्षों में देश के अनेक भूले-बिसरे स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय नायकों को सम्मान मिला।बिना थके, बिना रुके और बिना कोई दाग के मोदी जी का कार्यकाल प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशकों पुरानी नक्सलवाद, आतंकवाद और धारा 370 आदि की समस्या को 12 वर्षों में समाप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क किनारे मक्के का ढेर बना मौत का कारण

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे रखा गया मक्का का ढेर शनिवार की सुबह एक परिवार के लिए काल बन गया। खगड़िया जिले के महेशखुट चौक से पहले एनएच-31 पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में कोढ़ा प्रखंड के पवई पंचायत की पूर्व मुखिया साधना देवी की मौत हो गई। जबकि उनके पति मुखिया प्रतिनिधि जनार्दन यादव, पुत्र रितेश कुमार एवं पुत्री रीमा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज पूर्णिया में चल रहा है।



जानकारी के अनुसार पूर्व मुखिया साधना देवी अपने परिवार के साथ राजगीर घूमने गई थीं। शनिवार की सुबह वे राजगीर से पटना होते हुए अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान महेशखुट के समीप विपरीत दिशा से आ रहा एक ट्रक सड़क किनारे रखे मक्का के ढेर के कारण चालक का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल साधना देवी को इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही पवई पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया। महेशखुट की यह घटना एक बार फिर बता गई कि सड़क किनारे रखा गया मक्का सिर्फ अनाज का ढेर नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का अघोषित जाल बन चुका है। यदि समय रहते प्रशासन और संबंधित विभाग नहीं चेते, तो न जाने कितने और परिवार ऐसे ही सड़क पर बिखर जाएंगे। पूर्व मुखिया साधना देवी की मौत केवल एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की उस चुप्पी का दर्दनाक परिणाम है, जिसकी कीमत एक परिवार ने अपनी सबसे प्रिय सदस्य को खोकर चुकाई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, गांव में पसरा मातम

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के धमक टोला स्थित 12 नंबर रेलवे गेट के समीप शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान होरेन साह (55) पिता स्वर्गीय गरीब साह निवासी फार्म टोला, वार्ड संख्या-6 मनिहारी के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी थाना पुलिस एवं मनिहारी रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। वहीं सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव की पहचान की गई। बताया जाता है कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शव को घर ले जाया गया। शव के घर पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद फार्म टोला एवं आसपास के क्षेत्रों में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### नरोत्तम जोशी के निधन से चैम्बर परिवार मर्माहत

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरोत्तम जोशी के असामयिक निधन से चैम्बर के साथ-साथ व्यवसायी वर्ग मर्माहत है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के निधन की खबर मिलते ही आगामी 14 जून को चैम्बर ऑफ कॉमर्स की होनेवाली 48वीं वार्षिक आमसभा के साथ सभी कार्यक्रमों को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। चैम्बर निवर्तमान महासचिव भुवन अग्रवाल ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार होने की वजह से उन्हें इलाज के लिए सिलीगुड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गयो। इनके परिजनों को दुःख की इस बेला में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

### सीनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार जिला नेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को मनिहारी में सीनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप-2026 के लिए बालक एवं बालिका वर्ग का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में जिले के विभिन्न



क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित चयन प्रक्रिया के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 15 एवं 16 जून को पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित सीनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप में कटिहार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी 14 जून को पटना के लिए रवाना होंगे। अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय स्तर के चयनकर्ता भी मौजूद रहेंगे, जिससे खिलाड़ियों को नेशनल स्तर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त हो सकता है। बालिका वर्ग में प्रियंका को टीम की कप्तान बनाया गया है। टीम में अंजनी कुमारी, समा परवीन, लक्ष्मी रानी, खुशी परवीन, वैष्णवी गुप्ता, मुस्कान कुमारी, छोटी कुमारी, निशा कुमारी एवं प्रीति कुमारी शामिल हैं। वहीं बालक वर्ग में अंकित आनंद को कप्तान तथा उज्ज्वल कुमार गुप्ता को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम में राजीव रंजन, सुजल पासवान, शुभम कुमार, सूरज चौधरी, रोहन राज, देव कुमार, सत्यम कुमार, लक्की कुमार, रोहित हेमब्रम एवं सौरव कुमार को शामिल किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम मुक्त राष्ट्र निर्माण का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव बिहार सरकार के निदेर्शानुसार बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी का पीठ कटिहार में अपराह्न 12:00 बजे बाल श्रम के विरुद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल कल्याण समिति कटिहार के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रुप में पूरी दूनिया में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है बाल श्रम जैसे कुरीति को कैसे समाज से समाप्त किया जाए तथा बच्चों को संविधान प्रदत्त अधिकार हैं वह कैसे उन्हें सत



प्रतिशत मिले। उन्होंने बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एक विशेष संदेश जारी किया गया है यह संदेश है बाल श्रम को रेड कार्ड, बच्चों के लिए निष्पक्ष खेल,वयस्को के लिए सम्मानजनक काम। उन्होंने बताया कि बाल कल्याण समिति में बाल श्रम से मुक्त हुए बच्चों को प्रस्तुत किया जाता है।समिति बच्चों के शिक्षा तथा पुनर्वासन पर विशेष ध्यान देती है।साथ हीं समिति संबंधित विभागों से बच्चे तथा उसके परिवार को कल्याणकारी योजनाओं से जुड़वाने हेतु भी निर्देश जारी करती है,ताकि परिवार वालों को आर्थिक एवं अन्य सहायता उपलब्ध हो सके। वह सम्मानजनक तरीके से समाज में जीवन यापन कर सके । कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह सदस्य अरुण कुमार चौबे, लता कुमारी, गुड़िया कुमारी, सहायक संजय ठाकुर, चाइल्ड हेल्पलाइन के हरदेव कुमार, बमबम कुमार शाह, सहायक थाना कटिहार की सब इंस्पेक्टर चांदनी कुमारी सहित अन्य कर्मियों ने शपथ ग्रहण में भाग लेकर सामूहिक रूप से शपथ लिया तथा बाल श्रम मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए पूरी ईमानदारी संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की शपथ ली ।

# जनता दरबार में हुआ 11 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में 17 आवेदन पड़े । दोनों पक्षों की उपस्थिति में 11 मामले का निष्पादन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सीओ मोहम्मद इस्माइल ने बताया कि इस साप्ताहिक जनता दरबार में 17 आवेदन पड़े 11 मामले का निष्पादन किया गया। लंबित छः मामलों पर अगले सप्ताह दोनों पक्षों के समक्ष सुनवाई की जाएगी।

# एसएच निर्माण में बाधक बने घर पर कोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कंटिया पंचायत अंतर्गत निझरा गांव में एसएच 98 सड़क के निर्माण कार्य मे बाधा बन रहे सत्यनारायण दास के पक्का के घर को प्रशासन की देखरेख में तोड़ कर हटाया गया।सड़क निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है।निर्माण के लिए रैयतों की भूमि का अधिग्रहण कर भूमि एवं आवास का मुआवजा भी भुगतान किया गया है। लेकिन राशि प्राप्त कर लेने के बाद भी कुछ रैयतों द्वारा भूमि खाली नहीं कराया जा रहा था।जिसके कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। इसी क्रम में निझरा निवासी सत्यनारायण दास को विभाग द्वारा तीन बार नोटिस दिया



गया।नोटिस मिलने के बावजूद उनके द्वारा घर नहीं हटाया गया,तो न्यायालय के आदेश पर पक्का मकान से सामान निकलवा कर जेसीबी मशीन से घर को तोड़कर चिह्नित भूमि को खाली करा दिया। हालांकि सतनारायण दास के परिजनों द्वारा प्रशासन से और 5 दिन का मोहलत मांगी गई। लेकिन प्रशासन ने उनकी एक न सुनी।प्रशासन की कारवाई के बाद अन्य लोग भी भूमि खाली करने की तैयारी में जुट गये हैं। निर्माण कंपनी के तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार राज ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर यह कारवाई की गई है।उन्होंने बताया कि मुआवजा मिलने के बाद भी जो लोग भूमि खाली नहीं करेंगे और कोर्ट के आदेश की अवमानना करेंगे।उनके विरुद्ध भी प्रशासनिक कारवाई की जाएगी। सड़क के लिए चिह्नित भूमि को खाली कराकर जल्द से जल्द एसएच 98 के निर्माण का कार्य पूरा कराया जाएगा।सतनारायण दास के परिजनों द्वारा प्रशासन से और 5 दिन का मोहलत मांग रहे थे लेकिन प्रशासन ने उनकी एक न सुनी। उनके घर से अनाज आदि सामान को सुरक्षित निकाल कर मकान को तोड़ दिया। इस कारवाई के दौरान प्रभारी अंचल अधिकारी सुमित कुमार सहित कदवा थाना के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# जनता दरबार में दो पुराने भूमि विवादों का निष्पादन चार नए मामले दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान ने भूमि विवादों से जूडी समस्याओं की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पूर्व से लंबित दो भूमि विवाद मामलों पर दोनों पक्षों की मौजूदगी में विस्तृत चर्चा की गई। आपसी सहमति बनने के बाद दोनों मामलों का निष्पादन कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को राहत मिली। वहीं जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित चार नए आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू



कर दी गई है। राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान ने बताया कि जनता दरबार के माध्यम से भूमि विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निष्पादन विधि-सम्मत तरीके से किया जाएगा तथा पक्षकारों को समय पर न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर निगम में दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के निदेर्शानुसार नगर निगम कटिहार में बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता एवं संकल्प को सुदृढ़ करने हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बाल श्रम के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे और न ही उसे



बढ़ावा देंगे। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराया जाएगा तथा समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर निगम अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण बचपन का अधिकार प्राप्त है। बाल श्रम न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी बाधक बनता है। इसलिए इसके उन्मूलन हेतु सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नगर निगम कटिहार ने आमजन से अपील की कि वे बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूक रहें तथा किसी भी प्रकार की बाल मजदूरी की सूचना संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य से जोड़ा जा सके।

# नगर निगम की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

## ईओ, मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, निगम पार्षद सहित कर्मी को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लेकर विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, निगम महापौर ऊषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर-घर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

प्रशिक्षण के दौरान सभी को घर-घर 4 डिब्बा, स्वच्छता है सबका निश्चय अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर





जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि कचरे का सही तरीके से पृथक्करण कर पर्यावरण संरक्षण एवं शहर की स्वच्छता को और बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में चार प्रकार के डिब्बों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया जिसमें हरा डिब्बा में गीला एवं जैविक कचरा जैसे सब्जियों और फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन आदि। नीला डिब्बा में सूखा एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरा जैसे कागज, प्लास्टिक, धातु एवं कांच। लाल डिब्बा में स्वच्छता संबंधी कचरा जैसे सैनिटरी पैड, डायपर, बैंडेज आदि और काला डिब्बा में विशेष एवं खतरनाक कचरा जैसे पुरानी दवाइयाँ, बैटरियां, बल्ब, ई-वेस्ट एवं रासायनिक सामग्री डाला जाएगा । नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी संबंधित कर्मियों को नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया गया।

उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में चार डिब्बों की व्यवस्था अपनाकर कचरे को अलग-अलग रखें और स्वच्छ कटिहार के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि कचरे का सही पृथक्करण ही स्वच्छ और सुंदर शहर की पहचान है। इस दौरान मुख्य पार्षद लाखो यादव, बबीता कश्यप, गुड्डी देवी, धीरज कुमार सिंह, अमन कुमार, ईओ अरविंद पासवान, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, नुर अली खान, कैलाश चौधरी, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, सीटी मैनेजर ज्योति कृष्णमूर्ति, जेई धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, आशीष कुमार, प्रधान सहायक परवेज सलीम, अभिषेक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## एयर इंडिया ने टाटा को दिया 55,000 करोड़ का घाटा, कैसे होगा बेड़ापार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया का एक विमान पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हादसे का शिकार हो गया था। उसके बाद से कंपनी को पिछले एक साल में करीब तीन अरब डॉलर यानी 28,500 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। इसे देखते हुए टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया को अपने रेकॉर्ड नुकसान को कम करने पर ध्यान देने को कहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के



हवाले से बताया गया है कि एयर इंडिया विमानों की डिलीवरी टालने, उड़ानें कम करने और विस्तार की योजनाओं को आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है। रणनीति में यह बदलाव कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास योजना से एकदम अलग है। इस कटौती में लागत कम करने के कई प्रयास शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि कंपनी एयरबस और बोइंग के साथ बातचीत कर रही है ताकि पहले ऑर्डर किए गए 500 विमानों की डिलीवरी की गति धीमी की जा सके। इससे एयर इंडिया डिलीवरी के समय किए जाने वाले बड़े भुगतान को टाल सकेगी।

### एयर इंडिया की चुनौती

एयर इंडिया साथ ही नई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की योजनाओं की भी समीक्षा कर रही है, कुछ रूट कम कर रही है और कुछ हवाई अड्डों पर सेवाएं शुरू करने में देरी कर रही है। इनमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी शामिल है। एयर इंडिया की कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है जिससे उसे भारी नुकसान हआ है। इस कारण उसे अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर ब्रेक लगाना पड़ रहा है। पिछले साल जून में अहमदाबाद में हुए क्रैश, पाकिस्तान के भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने और ईरान युद्ध के कारण उड़ानें बाधित हुईं, लंबे रूट लेने पड़े और ईंधन का खर्च बढ़ गया। रुपये में गिरावट ने भी उसकी वित्तीय मुश्किलों को बढ़ा दिया क्योंकि एयरलाइन का अधिकांश खर्च डॉलर में होता है। टाटा ग्रुप ने 2022 में एयर इंडिया को खरीदा था। एयर इंडिया को 2022 से अब तक 55,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का घाटा हो चुका है। यह नुकसान टाटा ट्रस्ट्स के बोर्ड के लिए चिंता का एक बड़ा विषय है।

## जीनियस, गैंबलर या कुछ और... एलन मस्क के ट्रिलियनेयर बनने पर फिर शुरू हुई बहस

**'अब एलन की कोई नेट वर्थ नहीं है, उनकी अपनी जीडीपी है'**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स लिस्टिंग के बाद कंपनी का शेयर 30 फीसदी तक उछला और इसका मार्केट कैप 2.3 अरब डॉलर पहुंच गया। इसके साथ ही मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पेशे से इंजीनियर 54 साल के मस्क की नेटवर्थ 1.11 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 490 अरब डॉलर की तेजी आई है। दूर-दूर तक अब कोई उनकी टक्कर में नहीं है।

मस्क की नेटवर्थअमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद अल्फाबेट के को-फाउंडर लैरी पेज की नेटवर्थ से करीब चार गुना है। स्पेसएक्स का आईपीओ 75 अरब डॉलर का था और यह करीब पांच गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी की वैल्यूएशन उसके 2025 के रेवेन्यू से करीब 100 गुना ज्यादा है। कंपनी की 42 फीसदी हिस्सेदारी



मस्क के पास ही रहेगी। मस्क की नेटवर्थ दुनिया के अधिकांश देशों की जीडीपी से अधिक है।

**सोशल मीडिया रिएक्शन-** मस्क की इस सफलता पर सोशल मीडिया पर भी लोग खूब मजे ले रहे हैं। एक्स पर एक यूजर ने मजाक में कहा, 'अब एलन की कोई नेट वर्थ नहीं है। उनकी अपनी जीडीपी है।' इसी तरह एक और यूजर ने कहा, 'इस समय, जेफ बेजोस असल में मिडिल क्लास हैं।' केवल 21 देशों की जीडीपी एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। मस्क की कामयाबी ने वॉल स्ट्रीट पर फिर इस बहस को जन्म दे दिया कि मस्क एक जीनियस हैं, गैंबलर हैं, या फिर थॉमस एडिसन या आइजक न्यूटन के किसी इंटरनेट ट्रोल से टकराने पर बनी प्रजाति। उनके समर्थक उन्हें एक ऐसे दूरदर्शी के तौर पर देखते हैं जिसने ऑटो इंडस्ट्री में क्रांति ला दी, स्पेस लॉन्च को बदल दिया और साइंस-फिक्शन की कल्पनाओं को बिजनेस प्लान में बदल दिया।

**क्या कहते हैं आलोचक-** हालांकि आलोचकों का तर्क है कि वे बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन काम कम करते हैं। लेकिन दोनों पक्ष अब एक बात पर सहमत हो सकते हैं कि यह आदमी जानता है कि अपनी हिम्मत और बेबाकी से पैसे कैसे कमाए जाते हैं। दशकों तक दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति बनने का मतलब था तेल के कुओं, बैंकों, रेलमार्गों या सॉफ्वेयर मोनोपॉली पर कंट्रोल। लेकिन इसके उलट मस्क की दौलत इलेक्ट्रिक कारों, रियूज होने वाले रॉकेट, एआई और ब्रेन चिप्स पर

### दुनिया में हर व्यक्ति के लिए 122

हर व्यक्ति के हिस्से में करीब 122 आएंगे। आज दुनिया में केवल 21 देशों की जीडीपी एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। अमेरिका 32.38 ट्रिलियन के साथ पहले और चीन20.85 ट्रिलियन के साथ दूसरे नंबर पर है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर है। अगर मस्क एक देश होते तो दुनिया की 22वीं बड़ी जीडीपी होते। उनसे आगे अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान, यूके, भारत, फ्रांस, इटली, रूस, ब्राजील, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मेक्सिको, स्पेन, साउथ कोरिया, तुर्की, इंडोनेशिया, नीदरलैंड्स, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड और पोलैंड हैं।

## सारे एक्सपर्ट्स हो गए फेल, ईरान युद्ध के बीच तेल पर अमेरिका और चीन ने कर दिया बड़ा खेल

**● अगर होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो ग्लोबल इकॉनमी तबाह हो जाएगी**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य तीन महीने से भी अधिक समय से बंद है। इसे आधुनिक इतिहास का सबसे बड़ा तेल संकट माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का करीब 20% तेल इसी रास्ते से गुजरता है। कई दशकों से तेल व्यापारी, एक्सपर्ट्स और एनालिस्ट्स यह चेतावनी देते रहे हैं कि अगर होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो ग्लोबल इकॉनमी तबाह हो जाएगी। इंडस्ट्री ने ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत 200 प्रति बैरल तक पहुंचने का अनुमान लगाया था। लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला है। कच्चे तेल की कीमत शुरुआत में जरूर उछली थी लेकिन पिछले कुछ समय से यह लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे बनी हुई है।

### कैसे हुई सप्लाई

इन्वेस्टमेंट बैंक पाइपर सैंडलर के ग्लोबल एनर्जी इकनॉमिस्ट और स्ट्रैटेजिस्ट जान स्टुअर्ट का अनुमान है कि मई में होर्मुज जलडमरूमध्य से लगभग 2.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल बाहर निकला। इसमें से लगभग 2.1 मिलियन बैरल उन जहाजों पर लदा था जिन्होंने ईरानी संस्थाओं को टोल का भुगतान किया था। बाकी लगभग 900,000 बैरल घोस्ट ट्रांजिट हैं। यानी ऐसे जहाज जो अंधेरे में ट्रांसपोंडर बंद करके इस जलमार्ग से गुजरे। इस गुप्त सप्लाई के कारण संकट को संभालने का काम एनालिस्ट्स के अनुमानों से कहीं बेहतर ढंग से हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक हर दिन लगभग 4.5 मिलियन बैरल कच्चा तेल दूसरे तरीकों से फारस की खाड़ी से बाहर भेजा गया। इसमे ज्यादातर ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के जरिए भेजा गया जो सऊदी के तेल क्षेत्रों को लाल सागर के यानबू बंदरगाह से जोड़ती है। यह तरीका होर्मुज स्ट्रेट को बाइपास करता है लेकिन कच्चे तेल के बाजार में शांति के पीछे गुप्त सप्लाई सबसे बड़ा कारण नहीं है। इससे भी अहम बात यह है कि चीन ने अपना कच्चा तेल इंपोर्ट कम कर दिया है और इसके बजाय अपने बड़े स्टॉक का इस्तेमाल कर रहा है। चीन दुनिया में ऊर्जा के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। उसकी तरफ से कम मांग ने सप्लाई की कमी को कम करने में मदद की है। चीन दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। वोर्टेक्स लिमिटेड के

## फिर घटा विदेशी मुद्रा भंडार, सोने के भंडार में बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट दिखी है। पिछले सप्ताह इसमें गिरावट हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 938 द्वह्वद्यद्यद्बशठ्ठ की बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि इस सप्ताह सोने के भंडार में करीब दो अरब डॉलर की बढ़ोतरी दिखी है। लेकिन एफसीए भंडार में काफी गिरावट आने की वजह से ओवरऑल विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार के ऑल टाइम हाई पर था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 05 जून 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार घट कर रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा



भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 05 जून 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार घट कर रह गया है। भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी

आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के मूल्य में बढ़ोतरी हुई है। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें की कमी आई थी। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 के अंत में आरबीआई के पास सोने का भंडार 880.52 टन का हो गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 16.7% बैठता है। इसके मूल्य में कमी होती है यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित करता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार मामूली 18 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें कोई घट-बढ़ नहीं हुई थी। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में कोई कमी-बेशी नहीं हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें मामूली गिरावट आई थी। इस समय

## 30 साल तक दूसरों का काम किया

**चाकरी के 'संध्या' काल में पत्नी बनीं प्रेरणा, 200 करोड़ की फैक्ट्री डाल दी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीवन में कुछ करने की तम्मना हो तो उम्र आड़े नहीं आती। अब ईएसई एनर्जी के प्रोमोटर तथा एमडी एंड सीईओ अनिल कुमार चौरसिया को ही देखिए। उन्होंने जीवन में 30 साल तक देश के कई चीनी मिलों में विभिन्न पदों पर काम किया। जब उन्होंने अपनी फैक्ट्री डालने का मन बनाया तब वह सिंभावली शुगर मिल में प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत थे। लेकिन पत्नी की प्रेरणा से इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ कर अपना काम करने की ठानी। और कहानी बन गए। अनिल का जन्म बिहार में वैशाली जिले के 'छोटी युसूफपुर' गांव में हुआ था। उनकी प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई गांव के ही प्राथमिक स्कूल से हुई। उनके गांव में हाई स्कूल नहीं था तो दूसरे गांव के स्कूल में नाम लिखाए और 1983 में मैट्रिक या 10वीं की परीक्षा पास की। उन्हें कोई यह बताने वाला नहीं था कि आगे क्या पढ़ाई करनी है। किसी ने कहा गवर्नमेंट पोलिटेक्निक से डिप्लोमा कर



लो तो 'ओवरसियर' की नौकरी मिल जाएगी। पढ़ने में तो वह बचपन से ही तेज थे। बिहार की पोलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा में बैठ गए और पहले ही प्रयास में पास हो गए। इसके बाद पूर्णिया के गवर्नमेंट पोलिटेक्निक से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी की।

### नौकरी मिलते ही हुई शादी

बिहार में आप चाहे 'फन्ने खां' ही क्यों नहीं हों, अच्छी नौकरी नहीं है तो अच्छे घर में शादी नहीं होती। अनिल की नौकरी लगते ही साल 1995 में भागलपुर की संध्या कुमारी से उनकी शादी हो गई। इसके बाद वह तरक्की के लिए कई कंपनी बदले। साल 1999 में मंझौलिया शुगर मिल गए। कुछ साल वहां रहने के बाद 2003 में गोपालगंज शुगर मिल्स ज्वॉइन कर लिया। लेकिन वहां कुछ ही महीने रहे और उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सिंभावली शुगर मिल से आकर्षक ऑफर मिल गया। वहां वे असिस्टेंट मैनेजर के पोस्ट पर ज्वॉइन किए थे और तब तक वहीं नौकरी की, जबकि अपनी फैक्ट्री लगाने का फैसला नहीं कर लिया। जब उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दिया, वह उस कंपनी में 'प्रेसिडेंट' के पद पर कार्यरत थे।

***पत्नी की प्रेरणा 'नौकर' से बने 'उद्योगपति :*** *अनिल बताते हैं कि वह अच्छी नौकरी कर रहे थे। बढ़िया वेतन-भत्ते का पैकेज था। लेकिन मन में कहीं न कहीं 'अपना काम' शुरू करने की इच्छा दबी थी। इस दबी इच्छा को भड़काया पत्नी संध्या ने। एक तरह से कहिए कि ताना देना शुरू किया कि कब तक दूसरों की नौकरी करोगे अपना काम शुरू करो और सैकड़े लोगों को नौकरी दो। इसके बाद साल 2020 में ईएसएस एनर्जी की नींव पड़ी। पहले सोचा था कि पावर प्लांट लगाएंगे। लेकिन उसी समय सरकार ने इथेनॉल पर बड़ा नीतिगत फैसला किया। यह फैसला था पेट्रोल में अनिवार्य रूप से इथेनॉल ब्लैंडिंग का। इथेनॉल बनाने की प्रक्रिया शुगर इंडस्ट्री से मिलती जुलती है। बस फैसला कर लिया कि इथेनॉल की ही फैक्ट्री लगाएंगे।* जब अनिल ने उद्योगपति बनने का फैसला किया, उस समय बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतिश कुमार राज्य में औद्योगिकरण पर जोर दे रहे थे। उद्योग मंत्री थे सैयद शहनवाज हुसैन। उस समय बिहार की उद्योग नीति और सरकार की प्रोत्साहन योजना उन्हें ठीक लगी।

## आरबीआई का बड़ा एक्शन

**मोगावीरा सहकारी बैंक से अब सिर्फ 1 लाख ही निकाल सकेंगे ग्राहक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई के मोगावीरा सहकारी बैंक की खराब होती वित्तीय स्थिति को देखते हुए उस पर कई कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। बैंक के ग्राहकों और कामकाज को लेकर रिजर्व बैंक ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश शुक्रवार को कारोबार बंद होने के बाद से लागू हो गया है और फिलहाल 6 महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। हालांकि, आरबीआई समय-समय पर इसकी समीक्षा करता रहेगा।

**पैसे निकालने की सीमा तय:** बैंक की मौजूदा नकदी की स्थिति को देखते हुए आरबीआई ने बैंक अकाउंट से पैसे निकालने की लिमिट तय कर दी है। रिजर्व बैंक ने निर्देश दिया है कि अब कोई भी जमाकर्ता अपने बचत खाते, चालू खाते या किसी भी अन्य खाते से अधिकतम 1 लाख रुपये तक ही निकाल सकेगा। बैंक अब किसी भी नए ग्राहक को लोन या उधार मंजूर नहीं कर सकेगा।क

बैंक अपने मौजूदा लोन का रिन्यूअल भी नहीं




कर पाएगा। बैंक किसी भी तरह का नया निवेश नहीं कर सकेगा, न ही कोई नई देनदारी ले सकेगा। इसके अलावा नए डिपॉजिट (जमा) स्वीकार करने पर भी रोक लगा दी गई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और सीनियर मैनेजमेंट के संपर्क में था।

### बैंक के इन कामों पर लगी पूरी तरह रोक

आरबीआई के नए निर्देशों के मुताबिक अब यह सहकारी बैंक अगले 6 महीनों तक कई काम नहीं कर पाएगा। आरबीआई ने बैंक के जिन कामों पर रोक लगाई है, वे इस प्रकार हैं। आरबीआई के मुताबिक, बैंक ने कमियों को दूर करने और खाताधारकों के पैसों की रक्षा करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया। जमाकर्ताओं के हितों को सुरक्षित रखने के लिए अंततः आरबीआई को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर! मेडिकल, पेंशन, प्रमोशन और सैलरी पर आया अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग को लेकर देशभर के सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों की उम्मीदें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच जम्मू-कश्मीर जनरल लाइन टीचर्स फोरम ने आयोग के समक्ष एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। संगठन ने वेतन विसंगतियों को दूर करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, मेडिकल भत्ते और बच्चों की शिक्षा भत्ते में बढ़ोतरी जैसी कई मांगें रखी हैं। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। शिक्षकों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में महंगाई लगातार बढ़ी है, लेकिन कर्मचारियों की आय उसी अनुपात में नहीं बढ़ सकी है। ऐसे में 8वें वेतन आयोग को ऐसा फिटमेंट फैक्टर तय करना चाहिए, जो कर्मचारियों की वास्तविक जरूरतों और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखे। फोरम ने सुझाव दिया है कि फिटमेंट फैक्टर 2.0 से अधिक होना चाहिए, ताकि



कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़े और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। सबसे प्रमुख मांग पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर की गई है। संगठन का कहना है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आने वाले कर्मचारियों के भविष्य को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। इसलिए या तो फिर से लागू किया जाए या फिर ऐसी गारंटीड पेंशन व्यवस्था लाई जाए, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

फोरम ने साल 2009 के जनरल लाइन शिक्षकों से जुड़ी वेतन विसंगतियों का मुद्दा भी उठाया है। उनका कहना है कि कई मामलों में वरिष्ठ शिक्षकों का वेतन उनके जूनियर कर्मचारियों से कम हो गया है, जो सर्विस नियमों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

इसलिए एकमुश्त प्रक्रिया के माध्यम से इन विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए और सभी लाभ पिछली तारीख से दिए जाने चाहिए।

इसके अलावा साल 2019 बैच के शिक्षकों के लिए दो काल्पनिक वेतन वृद्धि देने की मांग भी रखी गई है। संगठन का मानना है कि इससे वेतन असमानता दूर होगी और प्रभावित शिक्षकों को न्याय मिल सकेगा।

जम्मू-कश्मीर के शिक्षकों ने अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षकों के बराबर वेतन और सर्विस बेनिफिट्स देने की भी डिमांड की है। उनका कहना है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करने के बावजूद उन्हें समान सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी कई सुझाव दिए गए हैं। इनमें दिव्यांग भत्ता और परिवहन भत्ता बढ़ाना, अतिरिक्त मेडिकल सुविधाएं, विशेष अवकाश और टैक्स में राहत शामिल हैं। साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर पेंशन सुरक्षा देने की भी सिफारिश की गई है।

# जिला खेल संचालन समिति की बैठक

## नए क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा खेल संसाधन सुदृढ़ करने का निर्देश

### स्कूलों में खेल गतिविधियों के विस्तार पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा खेल गतिविधियों के विस्तार, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं खेल संसाधन को मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने चिन्मय विद्यालय, सेक्टर-5 स्थित डे-बोर्डिंग बालक बास्केटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षक के रिक्त पद को भरने के लिए विज्ञापन प्रकाशित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले में एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, कुश्ती, बैडमिंटन सहित अन्य खेलों के डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ करने के लिए एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक में विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में आवासन सुविधा की अनुपलब्धता एवं आवश्यकता की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित क्षेत्रों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारियों (सीओ) से प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को जिले के विभिन्न विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। प्रस्ताव में यह उल्लेख करने को कहा कि किन विद्यालयों में डे-बोर्डिंग अथवा आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा सकते हैं तथा कौन-कौन से खेलों को प्राथमिकता दी जा सकती है।

उपायुक्त ने जिले में संचालित आवासीय एवं एकलव्य क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की प्रत्येक माह स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन बोकारो को निर्देशित किया। साथ ही, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी (फूड इंस्पेक्टर) को सभी आवासीय एवं प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों को उपलब्ध



कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच रोस्टर तैयार कर करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सुरक्षित आवासीय वातावरण अत्यंत आवश्यक हैं। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून को सभी खेल संघों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जून माह से दिसंबर माह तक का विस्तृत स्पोर्ट्स कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर में गेम अवेयरनेस

### पंचायत स्तर तक पहुंचेगी खेल प्रतियोगिताओं की पहुंच

कार्यक्रम, प्रतिभा खोज अभियान, प्रशिक्षण शिविर, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न खेल गतिविधियों को शामिल किया जाए, ताकि जिले के खिलाड़ियों को अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।

उपायुक्त ने जिले के सभी पंचायत स्तरीय ज्ञान केंद्रों पर देश की प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं के लाइव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनमें खेल के प्रति रुचि विकसित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी।

उन्होंने खेलों के व्यापक प्रचार-प्रसार, आवश्यक खेल संसाधन के विकास तथा सभी खेल संघों को एक मंच पर जोड़कर समन्वित रूप से कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खेल संघों, प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से जिले में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा सकेगा तथा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, जिला शिक्षा अधीक्षक जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुषिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित जिला खेल संचालन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी थाना क्षेत्र के धमक टोला स्थित 12 नंबर रेलवे गेट के समीप शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान होरेन साह (55) पिता स्वर्गीय गरीब साह निवासी फार्म टोला, वार्ड संख्या-6 मनिहारी के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी थाना पुलिस एवं मनिहारी रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। वहीं सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव की पहचान की गई। बताया जाता है कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शव को घर ले जाया गया। शव के घर पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद फार्म टोला एवं आसपास के क्षेत्रों में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** तेलमचो ब्रिज के समीप खनन विभाग की टीम ने शनिवार को अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। खनन पदाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, खनन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि तेलमचो ब्रिज के रास्ते बिना परमिट के बालू की तस्करी की जा रही है। सूचना पर खनन इंस्पेक्टर ?श्याम नंदन के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान एक लाल रंग का महिंद्रा 415 उक्त ट्रैक्टर को बालू लदे हुए रोका गया। जांच में ट्रैक्टर चालक वैध परिवहन चालान और स्रोत संबंधी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

खनन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर और उसमें लदी बालू को जप्त कर लिया। वाहन को थाना लाकर खड़ा



कर दिया गया है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि जप्त ट्रैक्टर के मालिक और चालक के खिलाफ खान एवं खनिज विकास विनियमन अधिनियम-1957 यानी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। नियमानुसार जुमार्ना वसूलने के बाद ही वाहन को छोड़ा जाएगा।

खनन पदाधिकारी श्याम नंदन ने कहा कि जिले में अवैध बालू उठाव और तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। तेलमचो, निरसा, गोविंदपुर जैसे क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, वाहन भी जब्त कर नीलाम किया जा सकता है।

## जल्द होगी खुदाई

**जमुई।** जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत मंजोष और भट्टा गांव की जमीन के नीचे दबे 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लौह अयस्क का खजाना अब बाहर आएगा। सरकार ने यहां खन के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने का फैसला लिया है। बिहार सरकार के खान सचिव सह आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सर्वे के शुरूआती दो चरणों में ही मंजोष और भट्टा के आसपास 2000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में करीब 5 करोड़ टन मैग्नेटाइट का अकूत भंडार मिलने की पुष्टि हो चुकी है।

इसका अनुमानित मूल्य 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया की जांच में पत्थरों में 50 फीसदी से ज्यादा लौह अयस्क पाया गया है।

रोचक बात यह कि यहां लौह अयस्क का पता करीब डेढ़ दशक पहले तब चला जब गांव के युवक क्रिकेट खेल रहे थे। बयार के झोंके से उड़ी धूल में लौह कण आंखों में जाने पर खुजलाहट हुई।

इससे युवकों को अंदाजा हुआ कि जमीन में लोहा है। धीरे-धीरे बात मीडिया तक पहुंची और प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए सर्वे कराया।

## चार की मौत के बाद तरह-तरह के कयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिद्दी।** रामगढ़ जिले के सीसीएल अरगडा बंद भूमिगत खदान के विपरित काजू बगान जंगल(वन क्षेत्र) में शनिवार की सुबह अवैध कोयला खनन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। अवैध तरीके से बने खदान (सुरंग) के अंदर आक्सीजन की कमी और जहरीली गैस के कारण चार युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी और मातम का माहौल छा गया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब नौ बजे अवैध रूप से कोयला निकालने के दौरान करीब 30 फीट गड्ढे में घुसे चार युवक खदान के भीतर फंस गए। इसके बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह के कयासों का दौर शुरू हो गया। कोई इसे प्रशासन की लापरवाही तो कोई नियती बता रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही सीसीएल अरगडा के सेफ्टी आफिसर रमेश कुमार एवं अरगडा एरिया क्वालिटी मैनेजर एसएन तिवारी घटनास्थल पहुंचे और तत्काल माइंस रेस्क्यू टीम तथा सीसीएल गिद्दी अस्पताल को सूचना दी। सूचना मिलते माइंस सुपरीटेंडेंट विकास कुमार के नेतृत्व में 12 सदस्यीय माइंस रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची।

वहीं गिद्दी अस्पताल से डॉ. सागर कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय चिकित्सकीय दल भी एंबुलेंस



के साथ मौके पर पहुंच गया। काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने खदान के भीतर फंसे चार युवकों को बाहर निकाला। उनकी पहचान सिरका बुधबाजार निवासी किशोर एवं आशीष तथा टोंगी निवासी देवा और डब्लू के रूप में हुई। इस दौरान चिकित्सकों ने मौके पर दो युवकों की जांच की, लेकिन ग्रामीणों द्वारा चारों को अस्पताल ले जाने की हो-हंगामा के कारण ग्रामीण और स्वजनों ने चारों को बारी-बारी से रांची रोड स्थित होप अस्पताल लेकर चले गए, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

माइंस रेस्क्यू टीम के सदस्यों के अनुसार खदान के ऊपरी हिस्से में आक्सीजन का स्तर करीब नौ प्रतिशत था, जबकि अंदर गहराई तीस फीट स्थल और अंदर बने 40 फीट खदान में यह घटकर मात्र दो प्रतिशत रह गया था। साथ ही खदान के भीतर कार्बन डाइआक्साइड सहित जहरीली गैसों की मौजूदगी भी पाई गई। चिकित्सकों व रेस्क्यू टीम के सद्स्यों का कहना था कि आक्सीजन की गंभीर कमी और जहरीली गैस के कारण दम घुटने से ही चारों युवकों की मौत हुई होगी।

घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय व कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच स्थिति पर नजर बनाए हुए थे और दबे युवकों निकलवाने में जूटे हुए थे। इधर हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों की भारी भीड़ जुट गई।

जैसे-जैसे रेस्क्यू टीम खदान से शवों को बाहर निकालती गई, परिजन उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने की कोशिश करते रहे। अपने स्वजनों की हालत देखकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे घटनास्थल पर चीख-पुकार और मातम का माहौल बना रहा।

वहीं हादसे ने बंद खदानों में लगातार हो रहे अवैध खनन और सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी एक बार फिर चार जिंदगियां लील गई। इस दर्दनाक घटना ने अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने और बंद खदानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सात हत्यारोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के दलानचलकरी गांव के तिरिलटांड़ टोला में दंपती पतिया हांसदा व परनी देवी की हत्या मामले में पुलिस की टीम ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों में दलानचलकरी गांव के जाहेर टोला निवासी रमेश हांसदा, पांडु हांसदा, विजय हांसदा, दोधमा हांसदा, बबलू हांसदा, मोती हांसदा व सिकरा हांसदा शामिल हैं।

ये सभी आरोपित मृतक दंपती के गोतिया हैं। आरोपितों द्वारा दंपति की हत्या करने में इस्तेमाल की गई हथियार तलवार, छूरा व रक्त लगा कपड़ा भी पुलिस बरामद की है।

उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

बताया कि दो-तीन जून की मध्यरात्रि को दलानचलकरी गांव के तिरिलटांड़ टोला में अपने घर में सोए दंपती पतिया हांसदा व परनी देवी की अज्ञात अपराधियों ने हमला कर हत्या कर दिया था।

इस मामले में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और घटना को अंजाम देने वालों को दबोचने के लिए छापेमारी करने को एक टीम गठित की गई।

टीम में शामिल पदाधिकारियों व तकनीकी शाखा के एक्सपर्ट के माध्यम से पुख्ता सुराग व साक्ष्य हासिल करते हुए हत्या करने में शामिल रहने वाले सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

कुछ की गिरफ्तारी गांव से ही तो कुछ की गिरफ्तारी भागने के क्रम में अलग-अलग स्थानों से की गई है। एसपी ने बताया कि आरोपित गोतिया के लोगों द्वारा उक्त दंपती को जादू टोना कर बर्बाद करने के शक व भूमि विवाद को लेकर योजना बनाते हुए दोहरी हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

दंपती की हत्या धारदार हथियार से रमेश, पांडू व विजय ने की जबकि दोधमा, बबलू, मोती व सिकरा ने हत्या करने में पूरा सहयोग दिया।

## ग्रीन एनर्जी आधारित होगा पटना हवाई अड्डा

**पटना।** जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 जून से पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित एयरपोर्ट बन जाएगा। इसके साथ ही यह एयरपोर्ट देश के उन 94 हवाई अड्डों की सूची में शामिल हो गया है, जहां शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार अब यहां बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ग्रीन ऊर्जा स्रोतों से होगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। एयरपोर्ट निदेशक सीपी द्विवेदी ने बताया कि हरित ऊर्जा अपनाने की दिशा में किए गए प्रयासों के कारण पटना एयरपोर्ट को ग्रीन एयरपोर्ट श्रेणी में शामिल किया गया है।पटना एयरपोर्ट पहले से ही सौर ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से हर महीने लगभग 90 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है।

इससे एयरपोर्ट को प्रतिमाह करीब 9 लाख रुपये की बचत भी हो रही है। वहीं विद्युत विभाग से सप्लाई में आने वाली बिजली भी सौर्य ऊर्जा के माध्यम से उत्पन ही आएगी। इस संबंध में विद्युत विभाग से एयरपोर्ट प्रशासन ने बात कर ली है।

## हॉस्टल परिसर से छात्र की लाश बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगांगपुर।** कुतरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिरिंगा टोली गांव के समीप स्थित हृदानंद आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां अध्ययनरत 22 वर्षीय एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। छात्र का शव हॉस्टल परिसर में रक्तरंजित (खून से लथपथ) अवस्था में मिला, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस इस मामले को हत्या और आत्महत्या, दोनों ही एंगल से खंगाल रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र की पहचान सोनू अभिषेक तांती (22) के रूप में हुई है, जो तलसरा थाना क्षेत्र का निवासी था। सोनू हृदानंद आईटीआई में इलेक्ट्रिकल विभाग के द्वितीय वर्ष का छात्र था और हॉस्टल में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात हॉस्टल में रात का भोजन करने के बाद सोनू समेत सभी छात्र अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। लेकिन बुधवार सुबह अचानक सोनू का शव हॉस्टल परिसर में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही संस्थान के शिक्षक और प्रबंधन के लोग मौके पर पहुंचे। फौरन इसकी जानकारी कुतरा थाना पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजगांगपुर एसडीपीओविभूति भूषण भोई एवं कुतरा थाना प्रभारी लोकेश साहू पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है।


## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लेकर विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, निगम महापौर ऊषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर-घर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान सभी को घर-घर 4 डिब्बा, स्वच्छता है सबका निश्चय अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि कचरे का सही तरीके से पृथक्करण कर पर्यावरण संरक्षण एवं शहर की स्वच्छता को और बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में चार प्रकार के डिब्बों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया जिसमें हरा डिब्बा में गीला एवं जैविक कचरा जैसे सब्जियों और फलों के छिलके,बचा हुआ भोजन आदि । नीला डिब्बा में सूखा एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरा जैसे कागज, प्लास्टिक, धातु एवं कांच। लाल डिब्बा में स्वच्छता संबंधी कचरा जैसे सैनिटरी पैड, डायपर, बैंडेज आदि और काला डिब्बा में विशेष एवं खतरनाक कचरा जैसे पुरानी दवाइयाँ, बैटरियां, बल्ब, ई-वेस्ट एवं रासायनिक सामग्री डाला जाएगा। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी संबंधित कर्मियों को नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में चार डिब्बों की व्यवस्था अपनाकर कचरे को अलग-अलग रखें।

## झाड़ियों में फेंकी दिखीं 108 साइकिलें

### साइकिल वितरण योजना की खुली पोल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क साइकिल वितरण योजना ( कल्याण विभाग द्वारा संचालित) के तहत वर्ग आठवीं में अध्ययनरत छात्र,छात्राओं के बीच वितरण किया जाता है। प्रखंड स्तर से कल्याण विभाग को सूची दी जाती है और टेंडर के माध्यम से साइकिल प्रखंडवार दिया जाता है और शिक्षक के मौजूदगी में छात्रों को साइकिल दिया जाता है। ताकि स्कूल में छात्रों की उपस्थिति बरकरार बनी रहे।

दूर दराज से पहुंचने वाले छात्र हर दिन स्कूल पहुंच पढ़ाई कर सके। लेकिन योजना का दुरूपयोग देखना हो तो सदर प्रखंड में देखा जा सकता है। सदर ब्लाक स्थित अंचलाधिकारी आवास के सामने एक क्वाटर के प्रांगण में 108 साइकिल जंगल का शोभा बढ़ा रहा है। बारिश से साइकिल खराब हो चुका है।

झाड़ी में साइकिल फेंक देने से ठीक से नजर नहीं आ रहा है। वही सटे 100 से अधिक संख्या में दिव्यांग छात्रों के बीच वितरण की जाने वाली ट्राई-साइकिल खुले में फेंका हुआ है।

विभाग की लापरवाही साफ साफ दिख रही है। इस साल मई माह में सामान्य वषार्पात से अधिक बारिश हुई है।लागातार बारिश में भींगने से साइकिल खराब हो चुकी है।

साइकिल का घंटी ,चैन, रिंग सहित अन्य पार्टस में जंग लग चुका है। यह साइकिल गोदाम या चालू अवस्था में रहता को संभवत जंग नहीं लगता। जिस स्थान पर यह साइकिल रखा हुआ था वहां गड्ढा है जहां बारिश का पानी या रूक जाता है। अभी पिछले साल का साइकिल छात्रों के बीच बंटा नहीं कि इस साल का लक्ष्य शिक्षा विभाग ने तैयार कर लिया है।

इसकी सूची प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को सौंपने की तैयारी है। हालांकि विभाग को इसकी भनक लगने के साथ शुक्रवार को एक दो कर्मी द्वारा साइकिल हटाने की सिलसिला जारी हो गया था। बगल के गोदाम में रखने की बात सामने आयी थी।

इसी तरह दिव्यांग छात्रों के बीच ट्राई-साइकिल वितरण करना था लेकिन 100 के करीब ट्राई-साइकिल फेंका हुआ है। आंकड़ा की बात करे तो लक्ष्य 992 छात्र में 929 वितरण, 1083 छात्रा में 1038 को साइकिल मिला।

इस वित्तीय वर्ष 2026-2027 में 1916 छात्रों को साइकिल देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें छात्र 913 व छात्रा में 1003 शामिल है।

कैटेगरी वाइज देखा जाए तो लड़का में एससी को 91, एसटी 70, ओबीसी 451 और अल्पसंख्यक को 301 साइकिल देना है। वही लड़की में एससी 118, एसटी 44, ओबीसी 446 और अल्पसंख्यक छात्रा को 395 साइकिल दी जाएगी।

## बदला रहेगा मौसम का मिजाज

**पटना।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बिहार के मौसम को लेकर महत्वपूर्ण पूवार्नुमान जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा और लोगों को आंधी-पानी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने कल 14 जून को जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, अररिया, खगड़िया, गया, पटना, भोजपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी में भारी बारिश और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। वहीं, कल यानी 14 जून को पटना का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 13 जून को बिहार के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही, आज राज्य के कई इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीते 24 घंटों की बात करें तो बिहार में न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर दर्ज किया गया है।

## प्रतिबंध के बाद भी अवैध खनन जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मारगोमुंडा।** देवघर में बालू माफियाओं का मन इतना बढ़ा हुआ है कि वे किसी को गुदानते तक नहीं हैं। 10 जून से एनजीटी के द्वारा सभी नदियों से बालू के उठाव पर पूर्ण रूप से रोक लगा दिया गया है। ये रोक 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

इसके बावजूद नदियों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। यहां से बालू ट्रैक्टर के माध्यम से ले जाकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है।

नदियों से बालू उठाव का काम आधी रात के बाद शुरू होकर सुबह करीब सात बजे तक संचालित किया जा रहा है। वहीं ये बालू जगह-जगह पर जमा कर रखा गया है। शहर के अंदर भी कई जगहों पर सड़क किनारे व अन्य जगहों पर अवैध बालू का स्टाक जमा किया गया है।

ये बालू किसने लाकर यहां रखा ये किसी को मालूम नहीं है। इन होकर हर दिन पुलिस व प्रशासन अधिकारी गुजरते हैं। लेकिन अब तक किसी की नजर इस ओर नहीं पड़ी है। जबकि कहने के लिए खनन विभाग, जिला प्रशासन, प्रखंड व पुलिस प्रशासन को मिलाकर पहले से टास्क फोर्स गठित है।

इन टास्क फोर्स का काम नदियों से अवैध बालू के उठाव व उसके कारोबार पर रोक लगाना है। लेकिन बीच-बीच में कुछ ट्रैक्टर को पकड़कर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है।

## नाबालिग भेजा गया सुधार गृह

**पाकुड़।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। घटना गुरुवार की रात की है।

गांव के 15 वर्षीय नाबालिग किशोर ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोर को पकड़ लिया।

पीड़िता के पिता ने किशोर के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी चार वर्ष की बेटी घर के बाहर खेल रही थी।

तभी एक लड़का आया और उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। चार वर्षीय बच्ची चीखने-चिल्लाने लगी। हो-हल्ला सुनकर स्वजन व आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उस नाबालिग लड़के को पकड़ लिया गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच नाबालिग लड़के को कब्जे में ले लिया।

उस नाबालिग लड़के के विरुद्ध प्राथमिकी के बाद शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

CMYK

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026

# पहले मैच में ही बने 351 रन

- टूटते-टूटते बचा भारत का 8 साल पुराना रिकॉर्ड, डैनियल वायट ने जड़ा शतक



**नई दिल्ली।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का बेहतरीन आगाज हो गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच बर्मिंघम में खेला गया। इस मैच में कुल 351 रन बने। यह महिला टी20 विश्व कप के एक मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जबकि मात्र 3 रन से भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2018 में हुए मुकाबले का रिकॉर्ड टूटते-टूटते बचा। इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए डैनियल वायट हॉज ने बेहतरीन शतक जड़ा। इंग्लैंड की महिला टीम ने विश्व कप का आगाज जीत के साथ किया है। मेजबान टीम ने श्रीलंका को पहले मुकाबले में 87 रन से हराया और बेहतरीन जीत दर्ज की। इस मैच में पहले खेलते हुे इंग्लिश टीम ने 20 ओवर में मात्र 1 विकेट खोकर 219 रन बनाए। ओपनर डैनियल वायट हॉज ने 62 गेंद पर नाबाद रहते हुए 105 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 13 चौके और एक छक्का लगाया। महिला टी20 विश्व कप में वह शतक लगाने वाली 7वीं खिलाड़ी बनीं। वायट के अलावा दूसरी ओपनर एमी जोन्स ने 38 गेंद पर 53 रन की पारी खेली।



ब्राजील के लिए बुरी खबर

# मोरक्को के खिलाफ नहीं खेलेंगे नेमार

**न्यू जर्सी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मोरक्को के खिलाफ होने वाले अपने पहले मुकाबले में ब्राजील फुटबॉल टीम स्टार खिलाड़ी नेमार के बिना खेलेगी। टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के अनुसार, पिंडली की चोट से उबर रहे नेमार पूरे ग्रुप स्टेज में शायद सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली मोरक्को टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले कोच एंसेलोटी ने कहा कि नेमार में



सुधार हो रहा है, लेकिन वह अभी वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, 'वह जल्द से जल्द फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह अगले हफ्ते पूरी ट्रेनिंग पर लौट पाएंगे।' मोरक्को से पहले मैच में भिड़ने के बाद ब्राजील का ग्रुप एफ में 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड से सामना होना है, हालांकि कोच ने किसी भी मैच के लिए नेमार के उपलब्ध होने की गारंटी नहीं दी। 34 साल के सैंटोस स्ट्राइकर शुक्रवार को फिर से ट्रेनिंग से गायब नजर आए। नेमार चोट के कारण पनामा और मिस्र के खिलाफ ब्राजील के वार्म अप मैच भी नहीं खेल पाए थे। उनकी फिटनेस को लेकर चिंताओं के बावजूद एंसेलोटी ने बताया कि उन्होंने इस अनुभवी खिलाड़ी को अपनी वर्ल्ड कप टीम में क्यों शामिल किया। उन्होंने कहा, 'वह हमारी टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा उदाहरण हो सकते हैं।'

- महिला टी20 विश्व कप: पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम का पलड़ा भारी

# भारत-पाक फिर आमने-सामने



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में रविवार को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। विश्व क्रिकेट में चर्चित मुकाबनों में से एक भारत-पाकिस्तान महिला विश्व कप में आज फिर एक।दूसरे के आमने-सामने होंगे। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम पाकिस्तान पर हावी रही है। टी20 इंटरनेशनल में भारत और पाकिस्तान की अब तक कुल 16 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 13 मुकाबलों में जीत भारतीय टीम के हाथ लगी है। सिर्फ 3 मुकाबलों में ही पाकिस्तान की टीम जीत दर्ज कर सकी है। भारतीय टीम रविवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में अपने दमदार रिकॉर्ड को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम और पाकिस्तान की आखिरी भिड़ंत साल 2024 में खेले गए महिला टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हुई थी, जहां भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी से धमाकेदार प्रदर्शन की आस होगी। दोनों को ही इंग्लैंड की परिस्थितियां काफी रास आती है। मंधाना ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली 10 पारियों में 239 रन बनाए हैं। वहीं, शेफाली ने 4 मुकाबलों में 121 रन बनाए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर की फॉर्म भारतीय टीम के लिहाज से इस मुकाबले और विश्व कप में काफी अहम होगी। जेमिमा रोड्रिग्स के ऊपर मध्यक्रम को संभालने की जिम्मेदारी होगी। वहीं, फिनिशर के तौर पर भारतीय टीम ऋचा घोष से एक बार फिर धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। गेंदबाजी में रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ नई गेंद से पाकिस्तान की बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा लेंगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस महामुकाबले में भारतीय टीम युवा तेज गेंदबाज नंदिनी



शर्मा को मौका देती है या नहीं। वहीं, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी अपनी स्पिन गेंदबाजी से कमाल दिखा सकती हैं।

### भारत बनाम पाकिस्तान का रिकॉर्ड?

भारत और पाकिस्तान के बीच अभी तक कुल 16 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से टीम इंडिया ने 13 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान की टीम सिर्फ तीन बार ही जीत पाई है। इस लिहाज से महिला टीम इंडिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

### भारत पाकिस्तान स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर होगा

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबले का लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के विभिन्न चैनलों पर होगा। जबकि इस मैच की ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियोस्टार ऐप पर होगी।

### भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड

**भारतीय महिला टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, श्रेयांका पाटिल, श्री चरणी, क्रांति गौड़, नंदिनी शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी।

**पाकिस्तान महिला टीम :** फातिमा सना शेख (कप्तान), आयशा जफर, अयमान फातिमा, इरम जावेद, मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, नतालिया परवेज, सायरा जबीन, डायना बेग, गुल फिरोजा, नशरा संधू, रामीन शमीम, सादिया इकबाल, तस्मिया रुबाब, तूबा हसन।

# कनाडा ने टाली हार, 1-1 से ड्रॉ

## मेजबान अमेरिका ने पैराग्वे को 4-1 से पीटा





**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के पहले दिन मेजबान मैक्सिको ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत से आगाज किया था। फिर दूसरे दिन संयुक्त मेजबान कनाडा को जीत नहीं मिल पाई लेकिन उसने बोस्निया हर्जेगोविना के खिलाफ हार को जरूर टाल दिया। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। जबकि दूसरे दिन के दूसरे मुकाबले में मेजबान अमेरिका ने पैराग्वे के खिलाफ विजयी आगाज किया और 4-1 से शानदार जीत अपने नाम कर ली।

टोरंटो में कनाडा का मुकाबला हुआ जहां मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी भी हुई। इस सेरेमनी में नोरा फतेही ने भी परफॉर्म किया। जबकि दूसरा मुकाबला लॉस एंजलेस के सोफी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच से पहले भी ओपनिंग सेरेमनी आयोजित हुई। इसमें कैटी पेरी का जलवा देखने को मिला। इससे पहले ओपनिंड डे पर मेक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में शकीरा समेत अन्य स्टार्स ने कमाल दिखाया था।

**कनाडा बनाम बोस्निया हर्जेगोविना मैच में पहला अंक मिला–** कनाडा को फुटबॉल के महासंग्राम फीफा वर्ल्ड कप में पहला अंक मिला है। टीम ने टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार छह हार का सिलसिला तोड़ा है। बोस्निया की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा दिखाना शुरू कर दिया था। अमार मेमिक और जोवो लुकिक ने शुरुआती प्रहार किए।

# अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सह-मेजबान अमेरिका ने टूर्नामेंट का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। एकतरफा मुकाबले में अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से शिकस्त दी। अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। अमेरिका की टीम पूरे मैच में हावी नजर आई और पराग्वे को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिका के लिए मैच की शुरुआत शानदार रही। मुकाबले के सातवें मिनट में ही अमेरिका ने 1-0 की बढ़त बना बना ली। डेमियन बोबाडिला ने पराग्वे के डिफेंस को भेदते हुए बेहतरीन गोल दागा।

मैच के 31वें मिनट में फोलारिन बालोगुन ने अमेरिका की बढ़त को दोगुना कर दिया। फोलारिन की शानदार स्किल्स के सामने पराग्वे का डिफेंस पूरी तरह से बेबस दिखाई दिया।

पहले हाफ के इंजरी टाइम में फोलारिन का एक बार फिर दमदार खेल देखने को मिला और उन्होंने अमेरिका को मुकाबले में 3-0 से आगे कर दिया। पहले हाफ में ही अमेरिका की जीत लगभग पक्की हो गई।

# बॉक्सर बनने के खिलाफ थी माँ

## समाज की तोड़ी बेड़ियां, दो बार विश्व चैंपियन बन रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** जब निकहत जरीन ने बॉक्सिंग की दुनिया में करियर बनाने की ठानी, तो सामने कई बड़ी चुनौतियां थीं। निकहत की मां तक नहीं चाहती थीं कि वह बॉक्सिंग की रिंग में उतरे। हालांकि, निकहत ने मजबूत इरादे और बुलंद हौसलों के दम पर न सिर्फ समाज की बेड़ियों को तोड़ा, बल्कि रिंग में उतरकर विश्व की कई दिग्गज बॉक्सरों को चारों खाने चित भी किया। निकहत का जन्म 14 जून, 1996 को तेलंगाना के निजामाबाद में हुआ। निकहत के चाचा खुद एक बॉक्सिंग कोच थे और वह निकहत के भाइयों को बॉक्सिंग की बारीकियां सिखाया करते थे। निकहत की भी रुचि इस खेल के प्रति बचपन से ही बढ़ने लगी। 13 साल की उम्र में उन्होंने बॉक्सिंग में करियर बनाने की ठान लीं। हालांकि, उनकी खुद की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी बॉक्सिंग के रिंग में उतरे। पिता को छोड़कर परिवार के बाकी सदस्यों को भी निकहत के बॉक्सिंग रिंग में उतरने पर ऐतराज था। हालांकि, निकहत इस खेल में अपना करियर बनाने का सोच चुकी थीं। शुरुआत में निकहत ने बॉक्सिंग की बारीकियां अपने चाचा से ही सीखीं। पढ़ाई के साथ-साथ बॉक्सिंग ट्रेनिंग कर पाना निकहत के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। निकहत ने दिन-रात कड़ी ट्रेनिंग की और इस खेल में अपनी पहचान बनाने के सफर पर निकल पड़ीं। 2011 में उन्होंने महिला जूनियर और यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 2014 में निकहत ने यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, अभी निकहत ने बॉक्सिंग की दुनिया में पांव जमाना शुरू ही किया था कि कंधे की चोट ने उन्हें पीछे धकेल दिया।





# बांग्लादेशी क्रिकेटर नईम हसन ने चटगांव में पुलिस पर लगाए दुर्व्यवहार समेत कई गंभीर आरोप

**चटगांव।** बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाज नईम हसन ने आरोप लगाया है कि उनके गृहनगर चटगांव में कानून प्रवर्तन एजेंसी के सदस्यों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें परेशान किया और कथित तौर पर मारपीट भी की। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। नईम हसन हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में चुने गए हैं। घटना के बारे में बताते हुए नईम काफी परेशान और तनाव में दिखे। आरोप है कि यह घटना कल देर रात हुई जब नईम प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के फाइनल प्रीमियर लीग, बांग्लादेश के टॉप लिस्ट ए प्रतिगोगिता मैच में आखिरी बार खेलने के बाद घर लौट रहे थे। 'क्रिकबज' के मुताबिक नईम ने कहा, 'मेरा प्रीमियर लीग मैच चल रहा था, मेरी फ्लाइट लेट थी। मैं एयरपोर्ट से अपनी सीएनजी से आ रहा था और रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर उन्होंने (पुलिस ने) लंका बाजार फ्लाईओवर के नीचे मेरी सीएनजी रोकी और ड्राइवर से दस्तावेज ले लिए।' ऑफ स्पिनर के मुताबिक, शुरुआत में वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे थे और उन्होंने अपने बैग की तलाशी लेने तक के लिए हामी भर दी थी।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने शुरुआती मुकाबले से पहले इंग्लैंड फुटबॉल टीम की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम के कुछ ट्रेनिंग उपकरण कैंसस सिटी पहुंचने के दौरान चोरी हो गए हैं। इस मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि इंग्लैंड टीम का ट्रेनिंग सामान फ्लोरिडा स्थित प्री-टूर्नामेंट ट्रेनिंग कैंप से कैंसस सिटी के स्वोप सॉकर

# कैंसस सिटी में चोरी हुए इंग्लैंड फुटबॉल टीम के उपकरण, जांच में जुटी पुलिस

विलेज भेजा जा रहा था। इसी दौरान सामान ले जा रही गाड़ी से कुछ उपकरण गायब हो गए। इंग्लैंड की टीम शनिवार को कैंसस सिटी पहुंचने वाली थी और वहां अभ्यास शुरू करने की तैयारी कर रही थी। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि इस मामले को चोरी के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने एक बयान में बताया, 'हम टीम की एक गाड़ी से उपकरण की संभावित चोरी की जांच कर रहे हैं, जो शुक्रवार शाम कैंसस सिटी पहुंची थी और उसमें से कुछ सामान गायब थे। जांच जारी है। आगे की जांच तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।' रिपोर्ट के मुताबिक, यह कथित घटना इंग्लैंड के वर्ल्ड कप कैंपेन के शुरू होने से कुछ ही दिन पहले हुई है, जिसमें थॉमस ट्यूशेल की टीम बुधवार को डलास में ग्रुप-स्टेज मैच में क्रोएशिया से भिड़ेगी।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उपायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

## मतदाताओं को अधिकाधिक मैपिंग सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को 76-डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारालोटा में स्थापित बूथ संख्या 244 एवं 245 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे मतदाता सत्यापन एवं मैपिंग कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथ संख्या 244 के बीएलओ से कुल मतदाताओं एवं अनमैप्ड मतदाताओं की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि उक्त बूथ पर कुल 983 मतदाता हैं, जिनमें से 517 मतदाता अब तक अनमैप्ड हैं। इस प्रकार लगभग 52 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग शेष पाई गई। वहीं बूथ संख्या 245 पर लगभग 42 प्रतिशत मतदाता अनमैप्ड पाए गये। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों बीएलओ के कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदाताओं की अधिकाधिक मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कम मैपिंग के कारणों की जानकारी लेने पर बताया गया कि कई मतदाताओं द्वारा अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अपना मैपिंग कार्य कराया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने एएसडी सूची का संधारण करते हुए ऐसे मतदाताओं को सूची से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने औचक रूप से बारालोटा क्षेत्र के विभिन्न घरों में चिपकाए गए नेशनल हाउस नंबर की भी रैंडम जांच की। जांच के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित बीएलओ से स्पष्टीकरण लेने की बात कही गयी।उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### 14 जून को सभी मतदान केंद्रों पर लगेगा विशेष कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर 76-डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर रविवार, 14 जून 2026 को विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप मतदान केंद्र स्तर पर लगाया जायेगा, जहां वर्तमान मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर सुलोचना मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त कार्य को निर्धारित समय सीमा तक पूर्ण किया जाना है। इसी उद्देश्य से सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर कैंप आयोजित कर छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सदर एसडीएम ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 14 जून को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित जानकारी का सत्यापन कराएं तथा यदि किसी योग्य मतदाता का नाम छूट गया हो तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं।

# साइबर फ्रॉड : बिना अंगूठा लगाये निकाल लिये पैसे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरही (हजारीबाग)।** करसो निवासी यशोदा देवी ने आरोप लगाया है कि उनके बैंक खाते से आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से 4 हजार रुपये निकाल लिए गए, जबकि उन्होंने न तो स्वयं राशि निकाली और न ही किसी स्थान पर बायोमेट्रिक सत्यापन कराया है। आरोप है कि 5 जून को दोपहर 2:37 बजे उनके खाते से एप्स के जरिए 4 हजार रुपये की निकासी हुई। इसकी जानकारी उन्हें तब मिली जब उसी दिन शाम को वह गांव के एक ग्राहक सेवा केंद्र पर राशि निकालने पहुंचीं। वहां खाते में अपेक्षित राशि नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्हें संदेह हुआ। 11 जून को बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा में खाते की जांच कराने पर उक्त निकासी की पुष्टि हुई। भुक्तभोगी का कहना है कि पिछले एक माह के दौरान उन्होंने किसी भी प्रकार का आधार आधारित लेन-देन नहीं किया है। उन्होंने बैंक में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच तथा राशि की निकासी के तरीके का पता लगाने की मांग की है। इस मामले ने सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों के तरीके भी लगातार बदल रहे हैं। आजकल फिंगर क्लोनिंग के माध्यम से भी एईपीएस फ्रॉड हो रहे है।

# रक्षा राज्य मंत्री ने पीएम के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** देवघर के भाजपा जिला कार्यालय में आज केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने मोदी सरकार के बेमिसाल 12 साल की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है जो सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छोटे स्तर के खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिल रहा है। अकेले रांची लोकसभा में लगभग 40 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया जिन्हें एक बड़ा मंच मिला जितनी भी छुपी प्रतिभा है वह आगे आ रहे हैं वहीं अब कॉमनवेल्थ गेम देश में होने वाले हैं और 2026 में प्रधानमंत्री का प्रयास है कि ओलंपिक जैसा दुनिया का सबसे बड़ा खेल भी हमारे देश में हो इसके अलावा उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सबसे बड़ा आई सबमिट भारत में हुआ जिसमें 118 देश के लोग ने भाग लिया यह भारत की प्रगति का सूचक है। देश आज हर क्षेत्र में जहां आगे बढ़ रहा है इसके अलावा वैश्विक महामारी कोरोना के समय रेडी पटरी वाले को 76 लाख लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा मदद दिया गया इसके अलावे 70 लाख लोगों को विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ मिला है। एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण बचाने को लेकर एक बड़ा अभियान भी मोदी जी ने किया है। अब तक देश में 266 करोड़ पेड़ लगा चुके हैं एक पेड़ मां के नाम के तहत देश अब दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुकी है और दुनिया देख रही है इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री के कई योजनाओं का भी जिक्र करते हुए मोदी सरकार का बेमिसाल कार्यकाल की जानकारी दी।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध 10 जून से 26 जून तक चल रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति, गिरिडीह द्वारा सदर अस्पताल परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने नशा मुक्त झारखंड के निर्माण के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों एवं तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। नशे की लत के कारण कई प्रकार की गंभीर बीमारियां, मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक कलह तथा सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की परामर्श एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं, परामर्श केंद्रों तथा नशा मुक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया इस मौके पर डॉ. रेखा झा, डॉ. फैसल अहमद सहित जिला स्वास्थ्य समिति के कई स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण और जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### बच्चों के लिए निःशुल्क ईएनटी की जांच

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डांस बीट अकादमी द्वारा संचालित डांस समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों के लिए निःशुल्क नाक, कान एवं गला (ईएनटी) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेगूसराय के प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ डॉ रौशन कुमार ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य जांच के दौरान डॉ रौशन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव शरीर के लिए ऑक्सीजन अत्यंत आवश्यक है और शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का मुख्य माध्यम नाक है।

# जमुआ में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान, चार बच्चे मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिला प्रशासन के निर्देश पर चलाए जा रहे 'एक्शन मंथ' के तहत शनिवार को जमुआ प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता सह छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से 4 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम की टीम द्वारा जमुआ प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अमल कुमार से मुलाकात के साथ हुई। इस दौरान बाल श्रम उन्मूलन, बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने ऐसे अभियानों को निरंतर समर्थन देने की बात कही। इसके बाद हीरोडीह थाना परिसर में बाल श्रम निषेध एवं बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी महेश चंद्र सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन तथा 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन' और बनवासी विकास आश्रम की संयुक्त टीम ने जमुआ (कादंबरी) क्षेत्र के विभिन्न होटलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन छापेमारी की। इस दौरान रिद्धि सिद्धि होटल से 1 बच्चा, सिमी स्वीट्स से 2 बच्चे तथा प्रिया अंजलि मिष्ठान भंडार से 1 बच्चा बाल श्रम करते हुए पाया गया। सभी बच्चों को तत्काल मुक्त कराकर उनके पुनर्वास एवं कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अजय कुमार, बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश शक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जवल मिश्रा, उत्तम कुमार, हीरोडीह थाना प्रभारी महेश चंद्र एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है। उन्होंने होटल संचालकों, व्यवसायियों एवं आम नागरिकों से बच्चों को मजदूरी में न लगाने तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी गई कि बाल श्रम की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी ऐसे संयुक्त अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# राज्य की खुशहाली के लिए सीएम ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तमाड़ स्थित प्रसिद्ध दिऊड़ी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दिऊड़ी की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रांची जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी का मंदिर समिति के सदस्यों ने स्वागत किया, जिसके बाद दोनों ने मां दिऊड़ी के दरबार में मत्था टेककर विशेष पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिऊड़ी मंदिर की महत्ता पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और सरना स्थल जैसे आस्था केंद्र समाज को जोड़ने और मानव सभ्यता को संस्कारित करने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पहले भी कई बार दिऊड़ी मंदिर आ चुके हैं और आगे भी यहां आते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी श्रद्धा और विश्वास के साथ विभिन्न पूजा स्थलों में पहुंचते हैं और यही आस्था समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इस दौरान रांची उपायुक्त, रांची एसएसपी, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, बुंडू एसडीएम, बुंडू डीएसपी समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच उनके आगमन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# क्राइम मीटिंग में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शुक्रवार को गिरिडीह पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों की समीक्षा तथा आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों, अंचल पुलिस निरीक्षकों एवं थाना/ओपी प्रभारियों को लंबित कांडों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित एवं अनसुलझे मामलों के त्वरित और सटीक उद्भेदन के लिए जिला स्तर पर विशेष इन्वेस्टिगेशन सेल (अनुसंधान विंग) के गठन की जानकारी दी गई। उन्होंने वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, लंबित पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा न्यायालय से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। आम जनता से प्राप्त शिकायतों एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों के संवेदनशील एवं त्वरित निष्पादन पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग को बढ़ावा देने की सलाह दी। आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए जिले की सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए। गिरिडीह पुलिस ने कहा कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा न्याय प्रक्रिया को सरल, सुगम और तेज बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## तीन थानाध्यक्षों की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद भी प्रशासन है संवेदनहीन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की देर रात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एनएच-31 पर हुये भीषण सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन थानाध्यक्षों और उनके चालक की मौत के बाद भी स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर नहीं आ रहा है। हादसे के कई दिन बीत जाने के बावजूद बलिया से साहेबपुर कमाल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम ढलते ही बड़े वाहनों के सड़क किनारे खड़े होने का सिलसिला जारी है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार एनएच-31 पर कई स्थानों पर ट्रक पार्किंग की व्यवस्था होने के बावजूद अधिकांश ट्रक चालक सड़क किनारे पेट्रोल पंपों और लाईन होटलों के पास वाहन खड़ा कर आराम करते हैं। इससे रात के समय गुजरने वाले छोटे और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तेज गति से आने वाले वाहन खड़े ट्रकों से टकरा जाते हैं। जिससे गंभीर हादसे हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि नियमित गश्ती के बावजूद पुलिस द्वारा सड़क किनारे खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि गुरुवार की रात पटना से सीआईडी प्रशिक्षण लेकर लौट रहे मधेपुरा जिले के अरार थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अमरेंद्र, बेकरी थानाध्यक्ष नीरज कुमार, रतवारा थानाध्यक्ष साजन पासवान तथा चालक ज्योतिष कुमार ब्रेजा कार से मधेपुरा जा रहे थे। इसी दौरान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी कार पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के नीचे घुस गयी और चारों की मौके पर ही मौत हो गयी।

# बरही में टीबी उपचार में मिली सफलता, बढ़ते मरीज चिंता का विषय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही की वार्षिक टीबी रिपोर्ट एक ओर राहत देने वाली है, तो दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े करती है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 से 2025 के बीच टीबी उपचार की सफलता दर 89 प्रतिशत से बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत, समय पर उपचार एवं बेहतर रोगी प्रबंधन का सकारात्मक परिणाम है। अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में 152 टीबी मरीज चिन्हित हुए थे, जिनमें 135 मरीज स्वस्थ हुए। वर्ष 2021 में 137 मरीजों में से 128 मरीज ठीक हुए। वर्ष 2022 में मरीजों की संख्या बढ़कर 199 हो गई, जिनमें 182 मरीज स्वस्थ हुए। वर्ष 2023 में 196 मरीजों में से 186, वर्ष 2024 में 190 मरीजों में से 183 तथा वर्ष 2025 में 196 मरीजों में से 185 मरीजों के स्वस्थ होने की जानकारी दी गई है।

आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि अस्पताल टीबी मरीजों के उपचार में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हालांकि, यह भी चिंता का विषय है कि मरीजों की संख्या अपेक्षित रूप से कम नहीं हो रही है। वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2025 में टीबी मरीजों की संख्या में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे संकेत मिलता है कि जागरूकता अभियान, पोषण सहायता, समय पर जांच और संक्रमण की रोकथाम के क्षेत्र में अभी और प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि नए मामलों में निरंतर कमी लाई जा सके।

इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित कोनरा पंचायत की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। यहां वर्ष 2020 में मात्र चार टीबी मरीज थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 16 हो गई। इसके अलावा एक एमडीआर (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट) टीबी मरीज का पाया जाना भी इस बात का संकेत है कि बीमारी के खिलाफ लड़ाई अभी पूरी तरह आसान नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन केवल उपचार सफलता दर को ही उपलब्धि मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब हर वर्ष टीबी के नए मामलों में लगातार कमी दर्ज हो।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर आज होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, हजारीबाग के तत्वावधान में 14 जून दिन रविवार को सदर अस्पताल स्थित नई ओपीडी भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे से होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों से इस जनकल्याणकारी अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की है। रक्तदान मानव सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हजारीबाग जिले में वर्तमान में 280 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे नियमित रूप से रक्त पर निर्भर हैं। इसके अतिरिक्त दुर्घटना, प्रसव एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी समय-समय पर रक्त की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में रक्त की उपलब्धता में कमी आने से मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जिला प्रशासन ने स्वस्थ नागरिकों से अपील की है कि वे 14 जून को रक्तदान शिविर में शामिल होकर मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। इसलिए अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### जामताड़ा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय स्थित सभा भवन में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सांसद नलिन सोरेन द्वारा कई नए पुल पुलिया निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही बरसात को देखते हुए टूटे सड़क को दुरुस्त करने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के माध्यम से पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा हुई और निर्देशित किया गया कि जो कार्य अधूरा है उसे जल्द से जल्द पूरा करें।

# उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए दीपक सम्मानित

## मिला आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को उत्कृष्ट पुलिस सेवा, अपराध नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 'आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक-2022' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके समर्पित कार्य, कुशल नेतृत्व और पुलिसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण माना जा रहा है। दीपक कुमार सिंह पूर्व में चौपारण थाना प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में बड़कागांव थाना प्रभारी के रूप में भी वे प्रभावी पुलिसिंग और जनहित के कार्यों के लिए लगातार सक्रिय हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार (आईपीएस) ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह सम्मान न केवल दीपक कुमार सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हजारीबाग पुलिस के लिए भी गर्व का विषय है। उनके सम्मानित होने पर पुलिस अधिकारियों, कर्मियों तथा क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। यह उपलब्धि युवा पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

CMYK

# सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्राप्त 54 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

## प्रशिक्षण से बढ़ता है आत्मविश्वास, सेवा भावना और आपदा के समय मदद करने की क्षमता : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार सिविल डिफेंस के 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले 54 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



**प्रशिक्षण से विकसित होती है मदद करने की क्षमता**

समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम सेवा और प्रशिक्षण है। एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान की मदद करना मानवीय मूल्यों की सबसे बड़ी पहचान है। कई लोग दूसरों की सहायता करना चाहते हैं, लेकिन उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के अभाव में वे अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से नहीं निभा पाते। ऐसे में सिविल डिफेंस जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लोगों में आत्मविश्वास पैदा करते हैं और उन्हें जरूरतमंदों की सहायता के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण मिलता है तो उसके भीतर यह विश्वास विकसित होता है कि वह संकट की घड़ी में किसी की मदद कर सकता है। यही आत्मविश्वास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आधार बनता है। जरूरतमंदों की सहायता करने से जो संतोष और खुशी प्राप्त होती है, वही समाज सेवा की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**प्रशिक्षित युवा बन सकते हैं बदलाव के वाहक**

उपायुक्त ने कहा कि यदि प्रशिक्षित लोग आगे अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित और जागरूक करें तो सहायता और सेवा की एक मजबूत श्रृंखला तैयार की जा सकती है। इससे समाज में सहयोग और जन भागीदारी की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने समाज के उन लोगों की सराहना की जो बिना किसी अपेक्षा के अपने समय, संसाधन और ज्ञान को जनहित में समर्पित करते हैं तथा दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

**आपदा एवं दुर्घटना के समय प्रशिक्षण साबित हो सकता है जीवन रक्षक**

उपायुक्त ने कहा कि कई बार आपदा या दुर्घटना की स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि आसपास मौजूद लोगों को प्राथमिक उपचार, रेस्क्यू एवं जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त हो तो कई बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने हाल के दिनों में हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

**पूरे जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार पर जोर**

उपायुक्त ने कहा कि पूरे जिले में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग आपातकालीन परिस्थितियों में दूसरों की मदद करने के लिए सक्षम, जागरूक और आत्मविश्वासी बन सकें। सेवा, सहयोग और प्रशिक्षण के माध्यम से ही एक बेहतर, सुरक्षित और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने को कहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी (डीपीओ) राज शर्मा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा (एडीएसएस) सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी (एपीआरओ) अविनाश कुमार सिंह, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डेन एस. पी. वर्मा, प्रशिक्षक ए. के. सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

# एसआईआर का काम युद्ध स्तर पर चल रहा : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) का काम कराया जा रहा है।बोकारो जिले में भी यह कार्य शुरू हो चुका है। बोकारो जिले के देश के दूसरे सबसे बड़े विधानसभा बोकारो में अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक हो गई है। हालांकि बोकारो के डीसी अजय नाथ जाने बताया कि बोकारो जिले के सभी विधानसभा के मतदान केंद्र में मतदाताओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसीलिए हर एक पंचायत में एक मतदाता जागरूकता केंद्र खोलने जा रहे हैं। जिसमें कलर प्रिंटर सहित अन्य की व्यवस्था रहेगी, ताकि मतदाताओं को कोई परेशानी ना हो। कुल मतदाता 15,33,943 मैपिंग हुआ 10,47,913 बिना मैपिग 4,86,030 जिसका प्रतिशत 68.31 है। अनमैप में वैसे मतदाता है जिनका नाम मतदाता सूची में 2003 के बाद में जोड़ा गया था, नाम सहित त्रुटियां हैं या तो मतदाता मर चुके हैं या कहीं अन्य जगह शिफ्ट हो चुके हैं। डीसी



अजय नाथ झा ने बताया कि आंकड़ों में अगर देखा जाए तो बोकारो विधानसभा में मतदाताओं की संख्या काफी कम हो सकती है। जिले की विधानसभा वार मतदाता मैपिंग रिपोर्ट (22 मई तक जो सामने आया है। उसके मुताबिक गोमिया विधानसभा में कुल मतदाता 3,19,678 है। जिसमें मैपिंग हुआ 2,62,104 का, बिना मैपिंग 57,574 है। जिसका कुल प्रतिशत 81.99% है। बेरमो विधानसभा में मतदाता 3,31,481 है। 2,40,273 का मैपिंग हुआ है जबकि बिना मैपिंग 91,208 हैं। जिसका प्रतिशत 72.48 है। बोकारो विधानसभा में कुल मतदाता 5,96,739 हैं। 3,15,211 का मैपिंग हो चुका है जबकि 2,81,528 का अभी मैपिंग होना है। जो 52.82 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग होने का खामियाजा, एग्जाम सेंटर से किया गया बाहर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में एक दिव्यांग का दर्द आज उस वक्त सामने आ गया, जब आरबीआई के एग्जाम में उसे बैठने नहीं दिया गया। परीक्षा केंद्र में दिव्यांग राजकुमार से मेडिकल सर्टिफिकेट की मांग की जा रही थी, जबकि राजकुमार के द्वारा विभाग से जारी कागजात और आईडी प्रूफ भी दिखाया जा रहा था। राजकुमार ने अपने दर्द को लेकर बोकारो डीसी अजय नाथ झा से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। दिव्यांग का नाम राजकुमार है जो पेटरवार के मंजूरा का रहने वाला है। राजकुमार पैर से दिव्यांग है, जिसको 2002 में सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा गठित टीम ने 45 प्रतिशत डिसेबिलिटी होने का सर्टिफिकेट जारी किया है। दिव्यांग राजकुमार ने अपने इस दर्द को मीडिया के सामने बयां किया। कहा कि पाई पाई इकट्ठा कर मैंने इस परीक्षा की तैयारी की थी। आज एग्जाम सेंटर में मुझे सर्टिफिकेट के नाम पर एग्जाम देने से रोका गया। आज परीक्षा केंद्र में मेरे साथ हुए इस व्यवहार से मैं खुद और मेरा परिवार पूरी तरह से टूट गया है। हालांकि डीसी ने राजकुमार को एडिशनल कलेक्टर से मुलाकात कर मामले को रखने का आदेश दिया है। जिस प्रकार से राजकुमार परीक्षा देने से वंचित रह गया। सिस्टम की मार राजकुमार को पड़ी है, लेकिन राजकुमार का दर्द सिर्फ आश्वासन से खत्म नहीं हो सकता है।



### झाड़ियों में मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महुदा थाना क्षेत्र के कुलटांड़ बस्ती जाने वाले मार्ग पर शनिवार को सड़क किनारे झाड़ियों के बीच एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव झाड़ियों के अंदर पड़ा हुआ था तथा उसका गला आधा रेता हुआ पाया गया। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना महुदा थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा तैयार किया तथा उसे कब्जे में लेकर महुदा थाना ले गई। मृतक की पहचान तारगा पंचायत के भुरूंगिया बस्ती निवासी हलीम शेख (63 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि हलीम शेख महुदा बाजार स्थित एक बक्सा दुकान में काम करते थे। घटना की सूचना मिलने पर बाघमारा डीएसपी भी महुदा थाना पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली।



### एसपी ने कई थानों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो नाथू सिंह मीणा ने आज चंदनक्यारी थाना, सियालजोरी थाना, भोजुडीह ओपी, अमलाबाद ओपी व बनगड़िया ओपी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित कर कांडों के शीघ्र निष्पादन करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक द्वारा सी सी टी एन एस प्रणाली में कांडों एवं अभिलेखों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अद्यतन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी पैट्रोलिंग करने, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना के अभिलेखों, मालखाना, हाजत अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील एवं पेशेवर व्यवहार बनाए रखने तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराध रोकथाम हेतु जन जागरूकता के साथ ठोस कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना चंदनक्यारी, ओपी प्रभारी भोजूडीह, बनगड़िया, अमलाबाद, सियालजोरी व थाना के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।




# जिले की विभिन्न पंचायतों में वरीय पदाधिकारियों ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

## केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन, गुणवत्ता और प्रगति का लिया जायजा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सशक्त पर्यवेक्षण एवं नियमित अनुश्रवण के तहत शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड के सुनता पंचायत,निदेशक भूमि एवं पुनर्वास पूर्णिमा कुमारी ने चन्द्रपुरा प्रखंड के तरंगा पंचायत, अपर समाहर्त्ता सुनील चन्द्र ने जरीडीह प्रखंड के गायछन्दा पंचायत,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा ने चंदनकियारी प्रखंड के बांट बिनोर पंचायत अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बेरमो मनोज कुमार ने गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी पंचायत, जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मारुति मिंज ने पेटरवार प्रखंड के उत्तासारा पंचायत, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अनुराधा कुमारी ने नावाडीह प्रखंड के बिरनी पंचायत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम ने कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत, कार्यपालक दंडाधिकारी बोकारो कुमार कनिष्क को बेरमो प्रखंड अंतर्गत बेरमो दक्षिणी पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जलापूर्ति योजनाएं, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। पदाधिकारियों ने योजनाओं के लाभुकों एवं ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की।





**योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन और गुणवत्ता बनाए रखने पर दिया गया जोर**

निरीक्षण के क्रम में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया गया।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद ढुल्लू महतो ने किया पौधारोपण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को जेपी अस्पताल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी तथा धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जेपी अस्पताल के चेयरमैन प्रदीप मंडल और समाजसेवी नित्यानंद मंडल ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं सांसद ढुल्लू महतो का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# बीएसएल द्वारा संचालित सर्व स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित सेक्टर-9 स्थित सर्व स्वास्थ्य केंद्र में बोकारो एवं आसपास के क्षेत्रों में निवासरत बीपीएल वर्ग के लाभार्थियों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करना है। स्वास्थ्य केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक प्रयोगशाला जांच तथा निःशुल्क दवाइयों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाता है। इस केंद्र से अब तक बड़ी संख्या में बीपीएल कार्डधारक लाभान्वित हो चुके हैं। गौरतलब है कि यह स्वास्थ्य केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित होता है तथा प्रत्येक माह लगभग 23 दिनों तक अपनी सेवाएं प्रदान करता है। केंद्र में प्रशिक्षित एवं समर्पित चिकित्सा कर्मियों की टीम कार्यरत है, जिसमें चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब असिस्टेंट, नर्स तथा रेडियोग्राफर शामिल हैं। केंद्र के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु एक समन्वयक की भी नियुक्ति की गई है। इस स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए विभिन्न चिकित्सा एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सकीय परामर्श के उपरांत आवश्यक दवाएं लाभार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को समुचित उपचार प्राप्त करने में सहायता मिलती है। सप्ताह में दो दिन ईसीजी जांच की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। प्रयोगशाला जांच के अंतर्गत ब्लड शुगर, कम्प्लीट ब्लड काउंट, मलेरिया, टाइफाइड, प्रेग्नेंसी टेस्ट तथा यूरिन जांच जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सेवाओं के माध्यम से रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत रक्तचाप, लंबाई, वजन एवं शरीर के तापमान की जांच भी की जाती है। भविष्य में केंद्र में एक्स-रे, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट तथा एचबीए1सी जैसी उन्नत जांच सुविधाएं भी प्रारंभ किए जाने की योजना है, जिससे लाभार्थियों को और अधिक व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।




# बीएसएल में प्रधान नियोक्ताओं हेतु नयी श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा पहल करते हुए आज अधिशासी निदेशक (संकार्य) के कॉन्फ्रेंस हॉल में नए श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रधान नियोक्ताओं हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल शीर्ष प्रबंधन, उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय), धनबाद, सुमित तथा सहायक श्रमायुक्त (केंद्रीय), धनबाद-II, प्रभात शंकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न प्रधान नियोक्ताओं एवं अन्य अधिकारियों सहित लगभग 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया और जागरूकता सह संवादात्मक सत्र में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत प्रधान नियोक्ताओं को नए श्रम संहिताओं के अंतर्गत उनकी वैधानिक जिम्मेदारियों तथा नई अनुपालन प्रणाली के प्रति जागरूक करना था।



# लकड़ी के अवैध कारोबार पर वन विभाग की मार

## आरा मिलों पर छापेमारी, 5 ट्रैक्टर लकड़ी और मशीनें जब्त, 5 गिरफ्तार

**तेनुघाट/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित गोमिया प्रखंड के तलुबलु और ढेंढे इलाकों में चल रहे लकड़ी की तस्करी और आरा मिलों के एक बड़ा नेटवर्क का वन विभाग ने भांडा फोड़ किया है। इस बड़ी कार्रवाई में भारी मात्रा में अवधै लकड़ियां और आरा मशीनें जब्त की गई हैं। कार्रवाई में बोकारो पुलिस ने सुरक्षा टीम प्रदान की।



**अवैध कटाई और तस्करी का खलुासा**

वन विभाग को गुप्त सत्रों से लगातार सचूना मिल रही थी कि ऐतिहासिक लगुबुरु पहाड़ के जंगलों से तस्करों द्वारा अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की जा रही है। काटे गए इन पेड़ों की लकड़ियों को तलुबलु और ढेंढे क्षेत्र में संचालित अवधै आरा मिलों में लाया जाता था, जहाँ इन्हें चीरकर फर्नीचर का रूप दिया जाता था। फिर चोरी-छिपे बाजारों में बेचा जा रहा था।

**बिना कागजात चल रहा था काला कारोबार-**

छापेमारी के दौरान जब वन विभाग की टीम ने संचालको और मौके पर मौजदू लोगों से लकड़ियों के परिवहन से सबंधित 'ट्रांजिट परमिट' और आरा मिल के संचालन के लिए वधै लाइससें की मांग की तो कोई भी आरोपी आवश्यक कागजात प्रस्ततु करने में विफल रहा। अवैध व्यापार की पष्टि होने के बाद, वन विभाग की टीम ने मौके से निम्नलिखित जब्ती और कार्रवाई की। पांच ट्रैक्टर अवधै लकड़ियां जब्त की गईं। आरा मिल में इस्तमोल होने वाली मशीनें और लकड़ी चीरने के सभी उपकरण सील कर जब्त कर लिए गए। वहीं मौके से 5 आरोपि यों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम और झारखडं आरा मिल अधिनियम की ससुगंत धाराओ के तहत वन अपराध का मामला दर्ज किया गया है। वहीं हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों को जल्द ही न्यायालय के समक्ष प्रस्ततु किया जाएगा। छापेमारी अभियान बोकारो के वन प्रमडंल पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें बोकारो, वन क्षेत्र पदाधिकारी , तेनुघाट, गोमिया और चास रेंज (बोकारो वन प्रमडंल) के क्षेत्रीय वन कर्मचारी कुजू और मांडू रेंज (रामगढ़ वन प्रमडंल) के क्षेत्रीय वन कर्मचारी, बोकारो पुलिस की 12 कर्मियों की टीम शामिल रही। लुगु बरु पहाड़ का क्षेत्र हाथियों का प्राकृतिक आवास माना जाता है। अवैध कटाई के कारण जंगल का तेजी से संरक्षण हो रहा था, जिसके परिणामस्वरूप हाथियों के झुण्ड का अपने प्राकृतिक आवास से भटककर रिहायशी इलाकों की ओर जाने का खतरा बढ़ गया था। इस कार्रवाई से न केवल वन सपंदा की रक्षा होगी, बल्कि मानव-हाथी सघर्ष को रोकने में भी मदद मिलेगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वनों की अवैध कटाई और वन्यजीवों के आवास को नकुसान पहुंचाने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी और सख्ती से जारी रहेगा।

# 'पुस्तकालय से समाज तक : एक पहल' कार्यक्रम का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज सिम्फर ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय, धनबाद द्वारा आयोजित 'पुस्तकालय से समाज तक : एक पहल' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नई पीढ़ी का ध्यान भटकाने के लिए बहुत वस्तुएं हैं। लेकिन अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने एवं एकाग्रता लाने के लिए हर छात्र-छात्रा को किताब से जुड़ना चाहिए। इसके लिए लाइब्रेरी सबसे उपयुक्त स्थल है। पुस्तकों में ज्ञान का खजाना छिपा है। अच्छी पुस्तक पढ़कर अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं। व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी का अपने आप में अलग महत्व है। इसलिए धनबाद में 10 मॉडर्न स्मार्ट लाइब्रेरी बन रही है। एक डिजिटल लाइब्रेरी भी बन रही है। जिसमें इंटरनेट के अलावा सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसमें छात्रों को पढ़ने का अच्छा माहौल मिलेगा। छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उपायुक्त ने कहा कि असफल होने पर कभी हताश नहीं होना है। लगातार प्रयास करते रहें। असफलता कुछ नया सीखाती है। प्रतिदिन अपनी प्रगति का आकलन करें। जीवन में कभी भी संघर्ष खत्म नहीं होता। जो संघर्ष नहीं करेगा वह पीछे रह जाएगा। इस अवसर पर सिम्फर के निदेशक प्रोफेसर ए.के. मिश्रा ने कहा कि पुस्तकालय का महत्व पहले भी था और आज भी है। पुस्तक इंसान का श्रेष्ठ मित्र है। किताबों से मार्गदर्शन मिलता है। इसमें सच्चाई होती है। इसलिए हर छात्र-छात्रा को पुस्तकालय में जाना चाहिए। सोशल मीडिया की सामग्री से दिग्भ्रमित नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती शर्मिला रानी, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ धनंजय कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा कि मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय में एक साथ 300 लोगों के बैठने एवं पढ़ने की क्षमता है। लाइब्रेरी में 57000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध है। यह वाई-फाई, सीसीटीवी सहित सभी आधुनिक संसाधनों से लैस है। भविष्य में इसमें और सुधार करने की योजना है। समारोह के बाद छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए उपायुक्त एवं सिम्फर के निदेशक ने जागरूकता रथ 'चलो चले पुसकालय' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन, सिम्फर के निदेशक डॉ ए.के. मिश्रा, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की प्राचार्य शर्मिला रानी, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ धनंजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ शंभू नाथ मिश्रा, घनश्याम दुबे, डॉ श्रीमती मीतू सिन्हा के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।



# केंद्र की योजनाओं को लागू करने में राज्य सरकार विफल : अन्नपूर्णा देवी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है और जिस अनुपात में अन्य राज्यों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, उसी अनुपात में झारखंड को भी सहायता मिल रही है। लेकिन राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने में असफल साबित हो रही है। अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना झारखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास को लेकर स्पष्ट विजन की कमी है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग अब पछता रहे हैं क्योंकि विकास के लगभग हर क्षेत्र में राज्य पिछड़ता जा रहा है। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लगातार धांधली के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। छात्रवृत्ति योजनाओं, विद्यालयों में बेहतर सुविधाओं और विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की गई हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। झारखंड सरकार द्वारा केंद्र से 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की मांग के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसी भी तरह से सहयोग करने से पीछे नहीं हट रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए केंद्र लगातार सहायता उपलब्ध करा रहा है। नीट पेपर लीक मामले पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर है। मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है और सीबीआई भी जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही परीक्षार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो, इसके लिए कम समय में दोबारा परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने जहां मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई, वहीं झारखंड सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए विकास, शिक्षा और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com